दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 132 | जयपुर, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## लोकसभा चुनाव 2024: जालोर और बांसवाड़ा में BJP प्रत्याशी के समर्थन में पीएम की सभा

# कांग्रेस को मिल रही उसके कर्मों की सजा... उनके पास कोई उम्मीदवार नहीं: मोदी

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जालोर और बांसवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपनी योजनाओं का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। जालोर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी के समर्थन में भीनमाल में जनसभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते-जाते लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला कर फाड़ कर फेंक देते हैं। अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा, देश को चला सकता है क्या?

पीएम मोदी ने कहा, आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है, उसकी गुनहगार वो खुद है। कांग्रेस ने देश पर 60 वर्षों तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता। पीएम मोदी ने कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है।

आज कांग्रेस की हालत ये है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है, जिसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है।



### बिना नाम लिए सोनिया गांधी पर प्रधानमंत्री का तंज

पीएम मोदी ने सोनिया गांधी का नाम लिए बिना ही उन पर बड़ा हमला किया। पीएम ने संसद पहुंचने के लिए राज्यसभा का रास्ता चुनने के लिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की आलोचना की। पीएम ने कहा यहां से राज्यसभा में कांग्रेस के एक नेता दक्षिण के हैं (केसी वेणुगोपाल), उनको भेजा गया। क्या कभी उन्होंने एक भी बार राजस्थान की बात कही है? पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को राजस्थान से राज्यसभा में भेजा। क्या फिर कभी वो राजस्थान में दिखाई दिए क्या? अब एक बार फिर उनके एक दूसरे नेता (सोनिया गांधी) को आपने बचाने की कोशिश की। जो लोग चुनाव लड़ नहीं सकते, चुनाव जीत नहीं सकते, मैदान से भागकर इस बार राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। कांग्रेस की इतनी हालत खराब है।

### 'पहली बार कांग्रेस परिवार खुद को नहीं करेगा वोट'

पीएम ने कहा कि कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि ये शाही परिवार आजादी के बाद पहली बार दिल्ली में कांग्रेस को वोट नहीं देगा। अगर ये शाही परिवार कांग्रेस को वोट नहीं देता है तो फिर आपसे वोट मांगने का उनके पास क्या अधिकार है। जहां कांग्रेस का ये शाही परिवार रहता है वहां ये चुनाव ही नहीं लड़ रही है।

### 'आज देश में आदिवासियों की असली भागीदारी है'

देश में संविधान और आरक्षण को लेकर ये लोग तरह-तरह के झूठ फैला रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को पता नहीं है कि भारत अब डर से बाहर निकल चुका है। आज देशभर में जिन-जिन राज्यों में आदिवासी की आबादी ज्यादा है वहां कांग्रेस या तो सत्ता से बाहर या फिर तीसरे और चौथे नंबर पर है। ये आदिवासी समाज का आक्रोश है। उन्होंने कहा, 60 साल में इन्हें एक भी आदिवासी नेता ऐसा नहीं मिला जिसे ये राष्ट्रपति बना सके। आज देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज की एक बेटी है। यह असली भागीदारी है। ये बाबा साहेब के संविधान की स्प्रिट है। पूरी दुनिया ने इस बात की सराहना की लेकिन कांग्रेस ने इनका विरोध किया।

### आपकी संतानों के भविष्य के लिए खप रहा है मोदी

पीएम मोदी ने विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि विपक्षी पार्टियां अपने बच्चों को फिट करने में लगी हैं, जबकि मोदी आपकी संतानों के भविष्य के लिए खप रहा है और दिन रात मेहनत कर रहा है। पीएम ने आगे कहा कि बीजेपी गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। बीजेपी ईमानदारी से काम करती है, लेकिन कांग्रेस की दुकान में भ्रष्टाचार ही बिकता है। कांग्रेस ने हमेशा दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को डराया है और आज भी भांति-शांति के डर और झूठ फैला रहे हैं, लेकिन अब इनका झूठ चल नहीं रहा है। बीजेपी की चुनावी घोषणाओं का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि देश के 70 साल के ऊपर की आयु के बुजुर्गों के इलाज का खर्च अब ये मोदी उठाएगा। ये मोदी की गारंटी है। बुजुर्गों के इलाज का 5 लाख रुपए तक का खर्च दिल्ली में बैठा उनका ये बेटा उठाएगा। एक ऐसी सरकार जो देश में भविष्य के हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर सके। हमारा 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड है, ये काम सिर्फ बीजेपी ही कर सकती है। ये मोदी है जिसको आप जानते हैं. मैं तो आपके लिए एक प्रकार से घर का ही हूं।

## जरूरी खबर

### सरकारी और निजी स्कूलों में अब होगी एक जैसी यूनिफॉर्म



**जोधपुर।** प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में एक जैसा ड्रेस कोड जल्द ही लागू किया जा सकता है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस बारे में बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों पर अभिभावकों को एक ही दुकान से यूनिफॉर्म खरीदने के लिए विवश किया जाता है, जिससे मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार अब विचार कर रही है कि सभी स्कूलों की यूनिफॉर्म में एकरूपता लाई जाए। दिलावर ने आगे कहा कि बीएड कोर्स को लेकर भी सरकार परिवर्तन का मन बना रही है। सरकारी टीचर बनने के लिए अब अलग-अलग एग्जाम देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिक्षा विभाग एक एंट्रेंस टेस्ट पॉलिसी तैयार कर रहा है। इसके तहत अलग-अलग ग्रेड और सब्जेक्ट में टीचर्स की भर्ती की जाएगी।

■ देखें पेज 5 भी

### 26 लाख कैश से भरा ATM उखाड़ ले गए बदमाश



**अलवर।** जिले के खैरथल कस्बे में एटीएम लूट की अजीबो गरीब घटना सामने आई है। बदमाशों ने एटीएम से पैसा निकालने के लिए पूरी मशीन ही उखाड़ कर ले गए। बदमाशों ने कार के सहारे एटीएम को खींचकर उखाड़ लिया। इसके बाद उसे कुछ दूर तक घसीटकर ले गए। फिर एटीएम को कार में रखकर फरार हो गए। एटीएम में 26 लाख रुपए की नकदी भरी बताई जा रही है। सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है कि एक कार रात 2:17 मिनट पर आकर रुकी। उसमें अज्ञात चोर वारदात को अंजाम देकर 2:34 बजे चले गए। अज्ञात बदमाशों ने महज 17 मिनट के अंदर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

## ये भी देखें...

विकास के दम पर बदली झालावाड़ की सूरत पेज-2

झांकियों में जीवंत हुए महावीर के संदेश पेज-3

## प्रदेश में अलग-अलग सड़क हादसों में 22 की मौत

# अकलेरा में उठीं 7 अर्थियां

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में रविवार को रफ्तार के कहर ने कई लोगों की जिंदगियां छीन ली। प्रदेश में अलग-अलग सड़क हादसों में 23 जिंदगियां काल के गाल में समा गई। पहला हादसा झालावाड़ के अकलेरा में हुआ, जहां बारातियों से भरी एक वैन को ट्रोले ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन में सवार 9 लोगों की मौत हो गई। दूसरे सड़क हादसों में दूदू में चार, दौसा में चार, बांसवाड़ा में तीन, सीकर में एक और अलवर में एक जने ने दम तोड़ दिया।

### ट्रोले ने वैन को टक्कर मारी, 9 मरे

झालावाड़ के अकलेरा में एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रोले ने वैन को टक्कर मार दी। इस हादसे में 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रविवार तड़के हुआ। सभी लोग वैन में सवार होकर मध्यप्रदेश से अपने घर डुगरगांव लौट रहे थे। वैन और तेज रफ्तार ट्रोले के बीच आमने-सामने की भिड़ंत इतनी भयानक थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। पोस्टमार्टम के बाद सात शवों को अकलेरा गांव लाया गया। इस दौरान पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ था और हर किसी की आंखें नम थी। गांव में जैसे ही 7 अर्थियां एक साथ उठीं तो चीख-पुकार मच गई। शव यात्रा में आसपास के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



### दौसा: भीषण हादसे में एक शिक्षक सहित 4 की मौत

**दौसा।** जिले के सैंथल रोड पर रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक शिक्षक समेत चार व्यक्तियों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उसने भी दम तोड़ दिया। हादसा इतना भीषण था कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद दौसा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार में सवार लोगों के शवों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और फिर सभी शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया।

### बांसवाड़ा: डंपर से टकराई बाइक, दो सगे भाई समेत तीन की मृत्यु

बांसवाड़ा के केसरपुरा गांव के नजदीक सड़क पर खड़े डंपर से एक तेज रफ्तार बाइक भिड़ गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक और एक किशोर की मौत हो गई। तीनों रात को ग्रामीण स्तर पर लगने वाला एक मेला देखकर घर लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। तीनों मृतकों में से दो सगे भाई हैं।

### अलवर: खड़े ट्रक में घुसी कार, 4 ने तोड़ा दम

जयपुर के दूदू में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। बेकाबू कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में बाइक सवार समेत 4 लोगों की मौत हो गई है। सभी मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। निम्बाहेड़ा निवासी ये लोग अलवर में शादी कार्यक्रम से लौट रहे थे।

### सीकर: मातम में बदली शादी की खुशियां

सीकर के फतेहपुर इलाके में बारात से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अलवर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में मदनपुरी रोड के पास एक ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई।

## दूसरे चरण से पहले सियासी भूचाल

# डॉ.किरोड़ी ने अपनी ही सरकार के खिलाफ फोड़ा 'ERCP बम'

### कहा... अलवर में जमीन बेचान को लेकर हुआ करोड़ों का खेल



बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर कांग्रेस और बीजेपी में जोर आजमाइश चल रही है। इस बीच भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने रविवार को सियासत में भूचाल ला दिया है। उन्होंने अपनी ही सरकार में ईआरसीपी योजना को लेकर जल संसाधन विभाग पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। मंत्री डॉ.किरोड़ी के इन आरोपों के बाद सियासत में खलबली मच गई है। इसको लेकर मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल को पत्र लिखकर मामले से अवगत करवाया और कार्रवाई की मांग की है।

डॉ. किरोड़ी ने पत्र में आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने अलवर शहर से मुख्य मार्ग की जमीन ईआरसीपी को हस्तांतरित करने में खसरा नंबर 44 को अनुचित तरीके से नीलाम कर दिया। 50 करोड़ रुपए की जमीन को मात्र 9 करोड़ में बेच दिया गया।

अलवर जिला कलेक्टर को भी जमीन बेचे जाने की जानकारी नहीं है। दिल्ली की एक कंपनी से ईआरसीपी आयोग के अधिकारियों ने साठगांठ कर बाजार भाव में जमीन की कीमत कम दामों पर बेचकर सरकार को 35 करोड़ का चूना लगाया है। मंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की है कि जमीन बेचान में करोड़ों का खेल हुआ है। भूमि के अनियमित बेचान को निरस्त करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## अंग प्रत्यारोपण कानून पर सरकार सख्त

# अब देश में विदेशियों के अंग प्रत्यारोपण की होगी जांच, आईडी देना जरूरी

- अंगदाता और मरीज दोनों को साझा करना होगा अपना आईडी
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखा पत्र

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कहा है कि अब देश में विदेशियों के अंग प्रत्यारोपण की जांच होगी। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक अंगदान के 48 घंटे के भीतर अंग दाता और मरीज दोनों की पहचान का प्रमाण पत्र (आईडी) भी साझा करना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य महानिदेशालय ने राज्यों को दिए आदेश में कहा है कि थोटा अधिनियम 1994 के तहत जिम्मेदार एजेंसियों के जरिये उन सभी अस्पतालों में विदेशियों के प्रत्यारोपण की जांच कराई जाए, जिन्होंने भारत आकर अंगदान या फिर प्रत्यारोपण कराया है। आदेश के मुताबिक, अंग प्रत्यारोपण के 48 घंटे के भीतर दाता और अंग लेने वाले दोनों की आईडी केंद्रीय एजेंसी के साथ साझा करनी होगी। अभी तक यह प्रक्रिया मृत दाता से प्राप्त अंगों के मामले में चल रही है, लेकिन अब इसे जीवित अंगदाता के मामले में भी अनिवार्य किया है।

### 'अवैध अंग प्रत्यारोपण हो तो रद्द करें अस्पताल का लाइसेंस'

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे अवैध रूप से देश में चल रहे अंग प्रत्यारोपण के मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि जो भी अस्पताल अवैध रूप से अंग प्रत्यारोपण या अंग प्रत्यारोपण के लिए बने कानून का उल्लंघन करता पाया जाए, उसके लाइसेंस को रद्द किया जाए। भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के डायरेक्टर जनरल डॉ. अतुल गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा है। इस पत्र में डॉ. गोयल ने कहा है कि सभी अंग प्रत्यारोपण के सभी आंकड़े मासिक आधार पर राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के साथ साझा किए जाने चाहिए।




### जांच और समीक्षा के निर्देश

सरकार ने अंग दान देने वाले व्यक्ति और अंग दान लेने वाले व्यक्ति दोनों की आईडी बनाना अनिवार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा है, जिसमें सरकारी अधिकारी समय-समय पर अंग प्रत्यारोपण के मामलों की जांच और समीक्षा करते रहें। सरकार ने अंग प्रत्यारोपण के मामलों पर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। बीती 4 अप्रैल को हरियाणा के गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने एक होटल पर छापा मारकर एक रैकेट का भंडाफोड़ किया था, जिसमें पैसे के बदले लोगों की किडनी निकालकर उन्हें मरीजों में प्रत्यारोपित किया जा रहा था। जयपुर के दो निजी अस्पतालों में यह रैकेट चल रहा था। इस मामले में बांग्लादेश के नागरिकों को पैसों का लालच देकर उनकी किडनी निकाली जा रही थी।

### 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

डॉ. अतुल गोयल का कहना है कि सभी राज्यों को अंग प्रत्यारोपण के मामले में जांच शुरू करनी चाहिए। अगले 15 दिन के भीतर इसकी पूरी रिपोर्ट महानिदेशालय को भेजने का आदेश दिया है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि राज्यों ने अंग प्रत्यारोपण में लापरवाही या किसी भी तरह की धोखाधड़ी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

## जरूरी खबर

### गोनेर रोड की तीन कॉलोनियों को मिलेगा पेयजल



**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर के खोनागोरियान क्षेत्र में गोनर रोड पर स्थित रामनगर, गोरखनाथ एवं राजहंस कॉलोनियों के रहवासियों को एक बार फिर पूर्व की भांति पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। विगत 20 दिनों से इलाके में पेयजल की पर्याप्त सप्लाई नहीं होने से स्थानीय नागरिकों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा था। रविवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।

### 'आओ बूथ चलो अभियान' के तहत मतदाता पर्ची बांटी

**बेधड़क.जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने दूसरे चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक में मतदान की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की। गुप्ता ने बताया कि 'आओ बूथ चले अभियान' के तहत दूसरे चरण के लिए रविवार को मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। अभियान के तहत अब तक लगभग 99 प्रतिशत मतदाता पर्चियां एवं मतदाता मार्गदर्शिका वितरित की जा चुकी है। दूसरे चरण के लिए कुल 27113276 मतदाता पर्चियां जबकि 6408899 मतदाता मार्गदर्शिका वितरित की जा चुकी है।

### 'आप' कांग्रेस के लिए करेगी प्रचार, दिया समर्थन




**बेधड़क.जयपुर।** आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन के घटक कांग्रेस पार्टी को समर्थन दे दिया है। इस बात की घोषणा पार्टी के बारां जिलाध्यक्ष ओम गोचर ने रविवार को एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आरपी मीणा, गिरिराज मीणा समेत आधा दर्जन पदाधिकारी मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए आप के जिला उपाध्यक्ष आरपी मीणा ने बताया कि इंडिया गठबंधन मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ चुनाव लड़ रहा है। ऐसे में हम घोषणा करते हैं कि हम खुले तौर पर यहां कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को समर्थन देंगे और आम आदमी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए काम करेगा।

निर्वाचन विभाग की ओर से जारी आचार संहिता की पालना में कार्रवाई

# प्रदेश में 1,325 अवैध हथियार जब्त, 1.91 लाख लोग पाबंद

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में भयमुक्त, निष्पक्ष एवं भेदभाव रहित चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन विभाग सहित सभी विभागों की मुस्तैदी के चलते प्रदेशभर में क़ानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

सभी जिलों में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इस क्रम में राज्य में अब तक 1,325 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं। साथ ही, 1.91 लाख व्यक्तियों को विभिन्न अवांछित गतिविधियों के कारण पाबंद किया गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 का कार्यक्रम घोषित होने के बाद 16 मार्च से प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के साथ ही राजस्थान पुलिस अवैध हथियारों तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़, लाइसेंसी हथियारों को जमा करने तथा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें पाबंद करने की कार्रवाई कर रही है। गुप्ता के अनुसार, राजस्थान पुलिस मुख्यालय की ओर से भारत निर्वाचन आयोग को इस विषय में रविवार को प्रेषित नियमित रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में अब तक 1,325 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं तथा 1.55 लाख से अधिक लाइसेंसी हथियार थानों में जमा किए गए हैं।



अवैध हथियारों के साथ ही 2,389 कारतूस, 4,160 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और 7 आईईडी (बम) जब्त किए गए हैं। एक अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री पर छापे की कार्रवाई भी की गई है।

### आपराधिक तत्वों को किया पाबंद

प्रदेश में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर रखने का परिणाम है कि राज्य में चुनाव से जुड़ी गतिविधियां शांतिपूर्वक चल रही हैं। पुलिस ने प्रदेश में 59,210 व्यक्तियों को अपराध प्रक्रिया संहिता की धाराओं 107, 108, 110 एवं 151 आदि के तहत पाबंद किया है। इसी प्रकार, 1,32,311 व्यक्तियों को संहिता की उक्त धाराओं के साथ ही 109 और 116 (3) धाराओं के तहत पाबंद किया है। इस अवधि में 17 लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) सहित अन्य धाराओं में प्रतिबंधित किया है।

### 1.55 लाख लाइसेंसी हथियार जमा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश भर में आम सुरक्षा की दृष्टि से कुल 1,62,777 लाइसेंसशुदा हथियारों में से 1,55,634 हथियार विभिन्न पुलिस थानों में जमा करवाए गए हैं। कुल 1,735 हथियार लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा 51 लाइसेंसी हथियारों को जब्त किया गया है।

### संदिग्ध लोगों को किया पाबंद

गुप्ता के अनुसार, राजस्थान पुलिस ने विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में कुल 1,400 बस्तियों को संवेदनशील आबादी और 4,322 व्यक्तियों को गड़बड़ी फैलाने वाले संदिग्ध लोगों के रूप में चिह्नित किया है। साथ ही, प्रदेश में 276 अन्त:राज्य और 204 अंतर्राज्यीय पुलिस नाके लगाए गए हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन तथा धन-बल रहित चुनाव के लिए राजस्थान में कुल 2,585 सतर्कता दल भी सक्रिय स्थिति में रखे गए हैं।

कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर फील्ड में डट जाने के दिए निर्देश

# सीएम पहुंचे राजसमंद, पहले से ज्यादा बड़ी जीत का दिया मंत्र

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर एक तरफ प्रत्याशी के साथ पदाधिकारी मैदान में डटे हुए हैं। इस बीच अचानक सीएम भजनलाल शर्मा ने राजसमंद पहुंचकर कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। इस दौरान सीएम ने मीडिया से दूरी बनाए रखी, लेकिन बैठक में पूरी चर्चा सिर्फ लोकसभा चुनाव जीतने पर रही।

सीएम ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर फील्ड में डट जाने के निर्देश दिए और कहा कि राजसमंद में पिछली बार वर्ष 2019 से भी ज्यादा वोटों से इस बार जीत होनी चाहिए। इसके लिए कार्यकर्ताओं को मेहनत करनी होगी और लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट देने का अनुरोध करना होगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी, तब से आचार संहिता लगने तक 45 प्रतिशत संकल्प पत्र के कार्य शुरू कर दिए।

साथ ही वो सभी कार्य जो प्रदेश की पिछली सरकार नहीं कर पाई, जैसे ईआरसीपी, पेट्रोल-डीजल कीमत कम करने जैसे कार्य तत्काल किए। अब लोकसभा चुनावों में हम सभी को कदम से कदम मिलाकर अपने आपको प्रत्याशी मानते हुए प्रत्येक बूथ पर कार्य करना है। आप इस बात को भी सुनिश्चित करें कि गर्मी के मौसम में 11 बजे से पहले अपने बूथ की वोटिंग ज्यादा से ज्यादा करवाएं। सीएम ने कहा कि राजसमंद प्रत्याशी महिमा कुमारी को अधिकाधिक वोटों से जिताना है और इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होना पड़ेगा। इस दौरान राज्य मंत्री मंजू बाघमार, लोकसभा पालक बंशीलाल खटीक सहित बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### जसोल मां को कमल पुष्प अर्पित कर मोदी के विजय की कामना

बालोतरा। लोकसभा चुनाव को लेकर सूबे के मुखिया भजनलाल शर्मा बालोतरा जिले के दौरे पर हैं। वे रविवार को चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के मौके पर जसोल धाम पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीरानी भटियाणी मां के दर्शन कर राष्ट्र की उन्नति व खुशहाली की कामना की। जिले के जसोलधाम में मुख्यमंत्री शर्मा के पहुंचने पर श्रीरानी भटियाणी मंदिर संस्थान की ओर से भव्य स्वागत किया गया। संस्थान ट्रस्टी शम्भूसिंह देवड़ा, गजेंद्रपाल सिंह पोषाणा, सिद्धार्थ सिंह रोहिट, संस्थान समिति सदस्य कुं। हरिश्चंद्र सिंह जसोल ने मुख्यमंत्री का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद मंदिर में पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां की विशेष पूजा करवाई। मुख्यमंत्री ने माता के चरणों में कमल पुष्प अर्पित कर फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजय की कमान की। संस्थान समिति सदस्य कुं. हरिश्चंद्र सिंह जसोल ने मुख्यमंत्री को जसोल धाम के द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न विकास व सामाजिक सरोकार कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री छत्तीस कौम के लिए बनी सामाजिक समरसता का प्रतीक भोजनशाला का निरीक्षण किया। संस्थान की ओर से मुख्यमंत्री को अष्ट लक्ष्मी की तस्वीर भेंट की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जसोल धाम का नजारा बेहद ही खूबसूरत लग रहा है। यहां माता के दर्शनों की बड़ी आस्था है। आज मेरी भी मां के दर्शनों की आस पूरी हुई। इस दौरान राज्य मंत्री केके विश्नोई, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी मौजूद रहे।

### तालमेल की कमी पर हुई चर्चा

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के 5 दिन पहले अचानक सीएम भजनलाल शर्मा के राजसमंद दौरे को अहम जाना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि प्रत्याशी समर्थक व संगठन के बीच कुछ तालमेल में गेप आ गया था। इसलिए मुख्यमंत्री का ये दौरा हुआ है। उन्होंने पहले जालोर और फिर राजसमंद में भाजपा कार्यकर्ताओं से ही संवाद किया। हाल ही 19 अप्रैल को प्रदेश की 12 सीटों पर मतदान प्रतिशत में गिरावट आने के बाद सीएम राजसमंद पहुंचे और मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। हालांकि प्रत्याशी व संगठन में तालमेल नहीं होने की फिलहाल कोई खबर सामने नहीं आई।

सिवाना में पूर्व सीएम गहलोत ने की सभा

# झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही भाजपा, हमने दी अच्छी योजनाएं



बेधड़क | बालोतरा

बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट इस बार हॉट सीट बनी हुई है। इस सीट पर भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों का त्रिकोणीय मुकबला है। सभी दल अपने प्रत्याशी जिताने के लिए पूरे दमखम के साथ मैदान में डटे हैं। सीएम के लगातार दौरे के साथ ही भाजपा के बड़े नेताओं की चुनावी जनसभाएं भी लगातार हो रही हैं। वहीं, कांग्रेस के प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को सिवाना में जनसभा को संबोधित किया।

चुनाव प्रचार के दौरान अशोक गहलोत ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कि भाजपा के लोग झूठ बोल-बोल गुमराह कर रहे हैं। जनता के लिए हमने 25 लाख का बीमा दिया था, जो हिन्दुस्तान तो क्या पूरी दुनियां में कहीं ऐसा बीमा नहीं था। हमने अन्नपूर्णा किट दिए, जिसमें खाने-पीन की सामग्री थी और जिस पर मेरा फोटो था। उसको हटा देते, लेकिन स्कीम को ही बंद कर दिया। उन्होंने आगे कहा 5 हजार राजीव गांधी युवा मित्रों को निकाल दिया। राजीव गांधी के नाम की जगह नरेंद्र मोदी कर देते। यह भाजपा वाले तो तमाशे कर रहे हैं। लोग जान गए हैं, बीजेपी वालों को राज करना नहीं आता। पिछले लोकसभा चुनावों में राजस्थान से 24 सीट जीते, एक काम करवाया हो तो बताएं। अशोक गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ईडी और इनकम टैक्स का गलत इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए। विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हमने अभूतपूर्व योजनाएं दी थीं, जिसको प्रदेश की जनता याद कर रही है।

सिविल लाइंस विधायक के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित

## कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर बढ़ाया मान

बेधड़क | जयपुर

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के जनपथ, श्याम नगर स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय 'रामलला भवन' में रविवार को कार्यकर्ता आभार सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयपुर शहर के लोकसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि आज का दिन उत्साह और उल्लास से भरा हुआ है। मेरे सामने बैठे सभी कार्यकर्ता भारत माता की सेना के हरावल दस्ते के सदस्य हैं। इन्हीं कार्यकर्ताओं की ताकत पर यह संभव हुआ कि छह महीने पहले खुद को मुख्यमंत्री का दावेदार मानने वाला व्यक्ति आज मुंह छिपाने के लिए जगह तलाश रहा है।कार्यक्रम में बूथ संख्या 113 पर सर्वाधिक (78.7) प्रतिशत मतदान के लिए बूथ अध्यक्ष शुभम सिंह, पोलिंग एजेंट अभि जंडेल के अलावा दीक्षित सैनी, नवीन डोई, टीनू जंडेल, अमन डोई, यश सैनी आदि कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इसी प्रकार बूथ संख्या 196 पर गत अधिक मतदान के लिए बूथ अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह तंवर, पोलिंग एजेंट मोहिल समाधियां, सहित रिंकू भंगाड़िया, सौरभ नाहर, अशोक गुप्ता, जुगल किशोर डालमिया, गोपाल यादव, कालूराम यादव, उम्मेद नाहर, विकास मदान आदि कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया ।



पूर्व सीएम वसंधुरा ने कार्यकर्ताओं से संवाद में कहा...

## विकास के दम पर बदली झालावाड़ की सूरत

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे रविवार को झालवाड़ से भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंची। इस दौरा उन्होंने यहां बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

इस दौरान पूर्व सीएम राजे ने कहा कि मैं मानती हूं किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, रेल और हवाई मार्ग आवश्यक होते हैं। आज ये सब झालावाड़ में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा जब मैं 35 साल पहले इस क्षेत्र में आई थी तब यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, लेकिन आज इस क्षेत्र की सूरत ही बदल गई है। सांसद दुष्यंत सिंह ने 20 वर्षों में इस क्षेत्र में बहुत विकास किया, खूब मेहनत की। हर वर्ग और 36 कौमों को साथ लेकर चले। इस क्षेत्र के मुद्दे लोकसभा में उठाए। अब समय आगया है कि उन्हें फिर से रिकॉर्ड मतों से जिता कर लोकसभा में भेजें। इसके लिए पूरा ध्यान मतदान पर लगाना होगा। अधिक से अधिक मतदान कराना होगा।



अजमेर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पीसीसी चीफ डोटासरा ने जनसभा को किया संबोधित

# मोदी सरकार ने अन्नदाता को खून के आंसू रुलाए

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अरांई में जनसंभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी और पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार ने किसानों को खून के आंसू रूलाए हैं।

जनसभा को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को खून के आंसू रूलाए हैं। किसानों को आतंकवादी, माओवादी सहित कई अपराधिक नाम से पुकारा है। पीएम मोदी चाहते तो आज किसान आंदोलन नहीं करते। उनके सारे कर्ज माफ हो जाते। उनको सभी योजनाओं का भरपूर लाभ मिलता, लेकिन भाजपा की सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी रही है। डोटासरा ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार ने पिछले तीन महीने से अधिक के समय में कुछ भी नहीं किया। संबोधन के बाद कार्यकर्ताओं की मांग पर डोटासरा सहित सभी नेताओं ने 'म्हारो तेजल सुपर डुपर' पर डांस किया। डोटासरा ने कहा कि इस चुनाव में बीजेपी का मोरिया बुलवाना है। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार रामचंद्र चौधरी को जिताना है। जनसभा में विधायक विकास चौधरी ने कहा कि पैसे के दम पर कोई चुनाव नहीं जीतता। इसके लिए जनता के दिलों में जगह बनानी पड़ती है। पुलिस व प्रशासन सरकार के दबाव में आमजन को परेशान कर रहे हैं। इससे कुछ नहीं होने वाला है। जनता चुनाव में जवाब देगी।




### भाजपा करती है सिर्फ झूठे वादे

जनसभा में कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा कि केंद्र और राज्य सरकार किसान और गरीबों के लिए कुछ भी नहीं कर रही है। केवल उनके साथ झूठा वादा करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां किसान विरोधी है। इसके चलते किसानों को अपनी मांगों के लिए लंबा सघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार आती है, तो वादों को जरूर पूरा किया जाएगा।

### गरीब के हित की बात नहीं करती बीजेपी

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी वादे झूठे हैं और उनका घोषणा पत्र कभी भी धरातल पर नहीं उतरा है। एक भी योजना गांव और गरीब किसान लिए नहीं चलाई गई है। पेंशन योजना भी कांग्रेस सरकार ने चलाई और पेंशन भी कांग्रेस ने बढ़ाई। जूली ने कहा कि चुनाव में अच्छी बातें करने वाले गरीब के हित की बात कभी नहीं करते हैं।

## डीजे बजाने को लेकर विवाद, बारात पर हमला

**अलवर।** जिले के नौगावां तहसील की ग्राम पंचायत नीकच के मेडूबास में डीजे बजाने को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। बाराती डीजे के साथ नाचते गाते हुए जा रहे थे कि तभी मस्जिद के पास डीजे बजाने को लेकर शुरू हुई कहासुनी झगड़े में तब्दील हो गई।

दूसरे गुट के लोगों ने बारातियों पर लाठियों और पत्थरों से हमला कर दिया। हमला करने में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। हमले में करीब 10 बाराती घायल हुए हैं। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 4 व्यक्तियों को मौके से हिरासत में लिया है। नौगावां थानाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दूल्हे के दादा रामदास ने नौगांवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने पोते की बारात लेकर मेडूबास में पहुंचा था। हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार वह दूल्हे को डीजे के साथ बग्घी पर अतरिया मोड़ से रवाना होकर डीजे गांव की मस्जिद के पास पहुंचा तो समुदाय विशेष के लोगों ने डीजे बजाने पर विवाद कर दिया। उन्होंने बारात पर पत्थरों और लाठियों से हमला कर दिया।

मस्जिद के नजदीक परिवार के लोग और औरतों की ओर से पत्थर और डंडे हाथ में लेकर हमला किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि हमले में करीब 10 बाराती घायल हुए हैं।

## जरूरी खबर

### मकान पंचर करते समय गिरा, मजदूर की दबकर मौत



**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में नारायण विहार स्थित विनायक विहार कॉलोनी में मकान पंचर करने के दौरान एक मजूदर की मौत हो गई। मृतक की पहचान लेखराज के रूप में हुई है। हादसे में मृतक का भाई चौथमल भी घायल हो गया। एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा ने बताया कि बूंदी जिले के नैनवा का रहने वाला लेखराज और उसका भाई चौथमल दोनों मकान को ठंडा करने का ठेका लेते हैं। रविवार को दोनों एक मकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान नीचे पिलर टूट गया। इससे छत नीचे गिरी। लेखराज लोहे के जाले में जा गिरा। इससे उसके शरीर में लोहे के सरिये घुस गए। मौके पर ही मौत हो गई। लेखराज का भाई चौथमल मौके पर ही काम कर रहा था। उसे भी इस दौरान गम्भीर चोट लगी। चौथमल का जयपुरिया अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### किशनपोल विस क्षेत्र में सबसे ज्यादा वोटिंग



**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग खत्म हो गई है। 12 लोकसभा सीटों पर इस बार हुई वोटिंग साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों की तुलना में 6.15 फीसदी कम रही। वोटिंग कम होने के पीछे कारण सावे और लोगों में चुनावों को लेकर कम रुझान माना जा रहा है। वहीं, इन 12 लोकसभा सीटों में शामिल 96 विधानसभा एरिया में हुई वोटिंग की स्थिति देखें तो सर्वाधिक वोटिंग किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में हुई, जहां वोटिंग का प्रतिशत 68.72 फीसदी रहा। सबसे कम वोटिंग बीकानेर जिले की नोखा विधानसभा में रही, जहां वोटिंग प्रतिशत 40.27 फीसदी रहा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।



फोटो: पंकज शर्मा

## भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

# झांकियों में जीवंत हुए महावीर के संदेश, गूंजी श्रीजी की वाणी

**बेधड़क** । जयपुर

पूरी दुनिया को जीओ और जीने दो का दिव्य संदेश देने वाले, विश्ववंदनीय भगवान महावीर स्वामी का 2623 वां जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार को गुलाबी नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कॉलोनियों व शहर के जैन मंदिरों में प्रातः श्रीजी के अभिषेक,पूजा-अर्चना के बाद कई कालोनियों में प्रभात फेरियां निकाली गई, वहीं शाम को महाआरती,भजनों व पालना झूलाने के विशेष आयोजन किए गए। इस दौरान सुबह से ही शहर का चप्पा-चप्पा भगवान महावीर के जयकारों से गूंजता रहा। मुख्य आयोजन राजस्थान जैन सभा, जयपुर के तत्वावधान में आचार्य चैत्य सागर, आचार्य शशांक सागर महाराज, गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ससंघ के ससंघ सानिध्य में न्यूगेट के रामलीला मैदान पर हुआ। इस मौके पर ध्वजारोहण,दीप प्रज्ज्वलन, स्मारिका विमोचन,धर्मसभा का भव्यता से आयोजन हुआ।





### भगवान महावीर का जीवन चरित्र दर्शाया

शोभायात्रा में निकली 18 झांकियां और भजनों की स्वर लहरियों पर झूमता-नाचता भक्तों का समूह। यह शोभायात्रा मनिहारों का रास्ता स्थित महावीर पार्क से शुरू हुई जो चौड़ा रास्ता,त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़ ,जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट होती हुई रामलीला मैदान जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के मार्ग में विधायक बालमुकुन्दाचार्य, ग्रेटर नगर निगम उपमहापौर पुनीत कर्णावट, पार्षद पारस पाटनी एवं व्यापारिक,सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा व आरती उतारकर स्वागत व सत्कार किया। शोभायात्रा में भगवान महावीर के जीवन चरित्र व सामयिक विषयों को लेकर झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा के आखिर में श्री जी स्वर्ण जड़ित रथ पर विराजमान होकर चल रहे थे। राजस्थान जैन सभा की कमेटी व मुल्तान जैन समाज रथ के आगे भक्ति करते हुए चल रही थी। श्री जी के रथ पर कैलाश - माणक - रमेश ठोलिया सारथी बने।



### भगवान महावीर जैनियों के ही नहीं, जन-जन के

रामलीला मैदान में आचार्य चैत्य सागर, आचार्य शशांक सागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ससंघ के सानिध्य में धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर आचार्य चैत्य सागर महाराज ने कहा कि भगवान महावीर केवल जैनियों के नहीं वे तो जन-जन के महावीर हैं। उनके सिद्धांत सार्वभौमिक हैं। आचार्य शशांक सागर ने कहा कि जिसके जीवन में दया, धर्म, त्याग नहीं है,वह मानव के साथ श्रावक कहलाने के लायक नहीं है। गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ने कहा कि जयपुर के जैनियों को जैन धरोहर की सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इससे पूर्व धर्मसभा के प्रारंभ में ध्वजारोहण प्रख्यात समाजसेवी नन्द किशोर, प्रमोद सुनील पहाड़िया ने किया। दीप प्रज्वलन प्रख्यात समाजसेवी हरिश चन्द, रेणू धाडूका ने किया। समारोह की अध्यक्षता रत्न व्यवसायी विवेक काला ने की। जनप्रतिनिधियों ने आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया।



### बालिकाओं ने किया मंगलाचरण, बैंडवादन

मंगलाचरण संत सुधासागर महिला छात्रावास की बालिकाओं ने तथा बैण्ड वादन महावीर पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने किया। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन,महामंत्री मनीष बैद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दर्शन जैन,उपाध्यक्ष मुकेश सोगाणी, मंत्री विनोद जैनकोटखावदा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा,प्रमुख समन्वयक अशोक जैन नेता, पूर्व अध्यक्ष कमल बाबू जैन सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। जुलूस के मुख्य संयोजक अनिल छाबड़ा ने झांकियों तथा शोभा यात्रा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन महामंत्री मनीष बैद ने किया। मंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में श्री जी के अभिषेक व शांति धारा की गई।

### कई गणमान्य रहे मौजूद

अतिशय क्षेत्र चूलगिरी के संरक्षक प्रवीण चन्द्र छाबड़ा, राजस्थान जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष रमेश गंगवाल ,श्री महावीर दिगम्बर जैन परिषद के उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया,मानद सचिव सुनील बख्शी,दीन दयाल पाटनी, रुपिन काला, चिन्तामणि बज, अनिल जैन,डॉ शीला जैन,प्रदीप बडजात्या, भारत भूषण अजमेरा, पदम बिलाला सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### मुरलीपुरा जैन मंदिर से निकली रथयात्रा



महावीर जयंती पर श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर मुरलीपुरा जयपुर से जैन समाज मुरलीपुरा द्वारा रथयात्रा निकाली गई। मंदिर समिति के महामंत्री नीरज जैन ने बताया कि वेदी में विराजमान मूलनायक श्री महावीर भगवान के प्रथम अभिषेक, शांतिधारा धूमधाम के साथ बोली के माध्यम से संपन्न हुए। इसे करने का सौभाग्य मनोज जैन, कमल जैन को प्राप्त हुआ। भगवान के जुलूस में आगे जिनधर्म का ध्वज लहराते हुए दो छोटे बच्चे घोड़ों पर सवार थे। उनके पीछे बैंड वादक और फिर महावीर पाठशाला मुरलीपुरा के 40 बच्चे, स्कूल की टीचर्स मीनू जैन, प्रीति जैन, अंशु जैन के मार्गदर्शन में चल रहे थे। इनके पीछे भगवान के माता-पिता के रूप में घोड़ा बग्गी में रमेश चंद जैन-इंद्रा जैन, आशीष-रिद्धि जैन, रवि-रमा जैन मालपुरा परिवार विराजमान था। जुलूस के अंतिम छोर पर भगवान का रथ चल रहा था, जिसके सारथी बंसीलाल जैन-मैना जैन, दीपक- नेहा जैन, दैविक जैन मालपुरा परिवार थे। जुलूस सुबह 7:30 बजे मुरलीपुरा जैन मंदिर प्रांगण से शुरू होकर शेखावाटी हॉस्पिटल ,केडिया पैलेस चौराहा, मुरलीपुरा मेन सर्कल, चोड़ी गली से होते हुए पुनः जैन मंदिर मुरलीपुरा पर जाकर समापन हुआ।

### स्मारिका का विमोचन



राजस्थान जैन सभा जयपुर द्वारा प्रकाशित महावीर जयंती स्मारिका के 59वें बहुरंगीय अंक का विमोचन आचार्य चैत्य सागर, आचार्य शशांक सागर महाराज, गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ससंघ सानिध्य में महावीर जयंती समारोह में किया गया। प्रबंध सम्पादक यश कमल अजमेरा ने बताया कि स्मारिका के प्रधान सम्पादक का डॉक्टर प्रेम चंद रांवका रहे। अध्यक्ष सुभाष चंद जैन और महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि इस मौके पर सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दर्शन जैन, उपाध्यक्ष मुकेश सोगानी ,महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा', कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, महावीर जयंती समारोह के प्रमुख समन्वयक अशोक जैन नेता एवं कार्यकारिणी सदस्यों सहित बड़ी संख्या में समाजश्रेष्ठी उपस्थित थे। स्मारिका में आचार्य, मुनिराजों, आर्यिका माताजी तथा राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सासंद सहित कई राजनेताओं, गणमान्य समाज श्रेष्ठियो एवं प्रशासनिक अधिकारियों के शुभकामना संदेश भी प्रकाशित किए गए हैं।

### राकेश जैन बने ऐलक उत्सव सागर



राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में रविवार को रामलीला मैदान में आयोजित महावीर जयंती समारोह की धर्म सभा के दौरान जिनेश्वरी दीक्षा का आयोजन हुआ। महावीर जयंती समारोह प्रमुख समन्वयक अशोक जैन नेता ने बताया कि आचार्य चैत्य सागर, आचार्य शशांक सागर महाराज, गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ससंघ के सानिध्य में दीक्षार्थी राकेश जैन ने गृहस्थ जीवन त्याग कर जिनेश्वरी दीक्षा ग्रहण की। आचार्य चैत्य सागर महाराज ने दीक्षा के बाद उनका नामकरण राकेश से बदलकर ऐलक उत्सव सागर महाराज करने की घोषणा की। मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य श्री ने मंत्रोच्चार के बीच दीक्षार्थी का पंचमुष्ठि केशलौच कर ऐलक दीक्षा के संस्कार दिये। ऐलक उत्सव सागर महाराज को पिच्छिका भेंट करने का पुण्यार्जन अशोक काला, कमण्डलु भेंट करने का पुण्यार्जन सुनील-ऊषा पहाड़िया एवं शास्र भेंट करने का पुण्यार्जन चिन्तामणि बज एवं अल्का गोधा ने किया।

## 'मल्लिका का घर' और 'जननम' पुस्तक का लोकार्पण

# अनुवाद करते समय वहां की संस्कृति का ज्ञान होना बेहद आवश्यक

**बेधड़क** । जयपुर

राही सहयोग संस्था की ओर से राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सभागार में लेखिका एस भाग्यम शर्मा की तमिल से हिन्दी में अनूदित दो पुस्तकों 'मल्लिका का घर' व 'जननम' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर आयोजित चर्चा में शहर के अनेक लेखक-साहित्यकारों ने भाग लिया। हिन्दी व तमिल की जानकार लेखिका एस भाग्यम शर्मा ने कहा कि लगभग ढाई हजार साल पुरानी तमिल भाषा का साहित्य समृद्ध है। तमिल में एक शब्द के कई अर्थ होते हैं।

तमिल के मुहावरे वहां के परिवेश के अनुसार होते हैं। इस भाषा में अधिकांशतः बड़े-बड़े वाक्य होते हैं, क्योंकि इसमें संयुक्त वाक्यों का चलन नहीं होता। कई वाक्य तो एक पृष्ठ जितने विशाल हो जाते हैं। इस भाषा में हिन्दी के कई व्यंजन भी नहीं होते। ऐसे में किसी तमिल कृति का हिन्दी में अनुवाद करते समय वहां की संस्कृति व समाज का ज्ञान होना बेहद जरूरी है।



### कम लिखा जा रहा है बाल साहित्य

लेखक साकार श्रीवास्तव ने कहा कि आज बाल साहित्य बहुत कम लिखा जा रहा है। ऐसे में शर्मा द्वारा तमिल बाल कथा संग्रह का हिन्दी में अनुवाद प्रशंसनीय है। 'मल्लिका का घर' की सभी कहानियां सरल व सहज भाषा में लिखी गई भावप्रवण कथाएं हैं, जिनमें दादी-नानी सी कहानियों का स्वाद है। पाठक इन्हें पढ़ते हुए खो जाते हैं और यहां महसूस ही नहीं होता कि ये अनूदित कहानियां हैं। शिक्षाविद डॉ. अल्का अग्रवाल का कहना था कि इस संग्रह की प्रत्येक कहानी में संदेश है। यहां जबरन ठूंसे गए उपदेश नहीं हैं, बल्कि बच्चों के लिए परोपकार, सेवा भावना, स्वच्छता प्रेम, प्रकृति प्रेम, श्रम का महत्व व दूसरों की भलाई आदि मूल्यों की सीख है।

### मन को छूने वाला अनुवाद ही सफल

वरिष्ठ आलोचक डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि द्रविड़ भाषाओं के साहित्य का आज भी हिंदी लेखन से उतना गहरा परिचय नहीं है जितना होना चाहिए। किसी भी भारतीय भाषा के साहित्य के हिंदी में अनुवाद में प्रवाह होना जरूरी है। हिन्दी में अनुवादकों को बहुत कम पैसा मिलता है और पहचान उतनी नहीं मिलती। लेखक राजेंद्र मोहन शर्मा का कहना था कि पाठक सहज व प्रवाहमय अनुवाद से ही जुड़ता है। पाठक के मन को छूने वाला अनुवाद ही सफल होता है।

## जरूरी खबर

### 'सम्मान एवं सुरक्षा सप्ताह' कार्यक्रम आयोजित



चाकसू। स्वायत शासन विभाग के निर्देशानुसार नगरपालिका चाकसू द्वारा सफाई मित्रों एवं कचरा बीनने वाले रेगपिकर्स के लिए 'सम्मान एवं सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इसमे सेप्टिक क्लिनिंग वर्क्स, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों के रख-रखाव, सैनिटेशन वर्क्स, रेगपिकर्स और सभी सफाई मित्रों का हेल्थ चेकअप करवाया गया। वहीं श्रेष्ठ कार्य करने वाले सफाई मित्रों तथा रैगपिकर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### पेयजल संकट से लोग परेशान, नहीं सुन रहे अधिकारी

**चाकसू**। कस्बे की कई कॉलोनियों में पिछले काफी दिनों से नियमित रुप से नलों में पानी नहीं आने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के वार्ड-30 चंपेश्वर कॉलोनी में पीने के पानी का संकट बना हुआ हैं। स्थानीय वार्ड पार्षद दिनेश शर्मा व कॉलोनी वासियों ने बताया कि जलदाय विभाग की लापरवाही से पिछले 15 दिनों से नलों में प्रयाप्त जलापूर्ति नहीं हो रही। केवल 5-10 मिनट के लिए पानी की सप्लाई होती हैं, ऐसे में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। मजबूरन लोगों को महंगे दामों पर टैकर से पानी खरीदना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।

### कुल की रस्म के साथ जलाल शाह बाबा का उर्स संपन्न



**चाकसू**। कस्बे में दरगाह स्थित सूफी संत हजरत पीर जलाल शाह बुखारी रहमतुल्लाह का रविवार को 3 दिवसीय उर्स कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ। दरगाह के गद्दीनशीन बाबा मकबूल अली शाह ने बताया कि रविवार को दोपहर में बाबा का लंगर का प्रोग्राम हुआ। उर्स में कव्वाल शब्बीर व आसिफ टोंकी, आसिफ जयपुरी, हमीद साबरी सहित कई कव्वालों ने बाबा की शान में शुफियाना कलाम पेश किए। उर्स में जयपुर, टोंक, दौसा, अजमेर से सैकड़ों जायरीनों ने बाबा के दरबार मे हाजरी लगाई। सोमवार को गोलीराव तालाब पर हजरत उज्रे वाले बाबा का उर्स आयोजित होगा। इसी तरह 23 अप्रैल को आजमंगर में मीरा शाह बाबा का उर्स भरेगा।

**कई गांवों में सरसों की फसल सौ फीसदी तक हुई खराब,** डीएम के घर जाकर की मुआवजे की मांग

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान जायजा लेने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी

**बेधड़क** | अनूपगढ़

जिले की रायसिंहनगर विधानसभा के लगभग सात गांवों में शुक्रवार को हुई ओलावृष्टि के कारण गेहूं और सरसों की फसल खराब हो गई। पहले चरण में यहां लोकसभा चुनाव थे, जो संपन्न हो चुके हैं।

रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी और जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा और रायसिंहनगर विधायक सोहन नायक ने प्रभावित गांवों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान खराब फसल लेकर जिला प्रमुख और विधायक ने कलेक्टर से भी मुलाकात की। जिला प्रमुख कुलदीप इन्दौरा ने कहा कि इस बार खेतों में गेहूं और सरसों की फसल अच्छी थी, लेकिन ओलावृष्टि के कारण किसानों की 100 फीसदी फसल खराब हो गई है। रायसिंहनगर विधानसभा के विधायक सोहन नायक ने बताया कि ओलावृष्टि से प्रभावित गांव 67, 68, 69 एनपी, श्यामगढ, गांव 10, 12 ,19 और 22 पीटीडी के गांव का दौरा किया गया है। दौरे के दौरान खेतों में खड़ी फसलों का भी जायजा लिया गया। उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि के कारण इन गांवों में गेहूं और कटाई की गई सरसों की फसल 100 फीसदी खराब हो गई है। वहीं, एक किसान की तीन बकरियां भी ओलावृष्टि के कारण मर गई है।



### किसानों को उठाना पड़ा नुकसान

जिला प्रमुख कुलदीप इन्दौरा ने बताया कि इस बार खेतों में किसानों की फसल की उपज काफी अच्छी थी, लेकिन ओलावृष्टि के कारण किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए राजस्थान सरकार से मुआवजे की मांग की गई है। खराब फसल को लेकर प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद जिला प्रमुख कुलदीप इन्दौरा, विधायक सोहन नायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि जिला कलेक्टर अवधेश मीणा के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर से किसानों को सर्वे कराकर जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग उठाई।

### फसल खराबे का दिया जाए पूरा मुआवजा

जिला कलेक्टर अवधेश मीणा से मांग की गई कि जिन किसानों की फसल खराब हुई है उन्हें पूरा मुआवजा शीघ्र दिलवाया जाए, ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े। साथ ही प्रभावित गांवों में पटवारी, गिरदावर और बीमा कंपनी के अधिकारियों को भेजकर तुरंत प्रभाव से सर्वे करवाया जाए। जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने बताया कि ओलावृष्टि के बाद पटवारी, गिरदावर को सर्वे करने के निर्देश दे दिए गए हैं। उनका प्रयास रहेगा कि किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाए। उन्होंने बताया कि बीमा कंपनियों को भी सर्वे करने के लिए पाबंद किया जा रहा है।

**केंद्रीय मंत्री और BJP प्रत्याशी कैलाश चौधरी** ने जनसभा में कहा...

# बाड़मेर में BJP जीती तो भारत में, नहीं तो पाक में फूटेंगे पटाखे

**बेधड़क** | बाड़मेर

लोकसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी बाड़मेर सीट पर बीजेपी, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनावी सभाओं के दौरान नेताओं की बयानबाजी का सिलसिला जारी है। रविवार को बाड़मेर जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कैलाश चौधरी ने कहा कि बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर टुकड़े-टुकड़े गैंग और पाकिस्तान लगा हुआ है कि इस सीट पर राष्ट्रवादी विचारधारा के व्यक्ति की जीतकर नहीं आए।

चौधरी ने कहा कि यहां से भाजपा जीतती है, तो भारत में पटाखे फूटेंगे। अगर यहां से दूसरे लोग जीत गए, तो पाकिस्तान में पटाखे फूटेंगे। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रत्याशी कैलाश चौधरी ने बायतु में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम बॉडर पर रहने वाले लोग हैं। इसलिए दुश्मन देशों की नजर है। चौधरी ने कहा कि इस सीट पर टुकड़े-टुकड़े गैंग की नजर है। देश में जो भी टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग हैं, उनकी एक ही मनसा है कि किसी भी प्रकार से नरेंद्र मोदी सत्ता में नहीं आएं। चौधरी ने दावा करते हुए कहा कि यह तो तय है कि निश्चित रूप जनता के आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी सत्ता में आ रहे है। चौधरी ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग कितना भी प्रयास कर ले लेकिन जब तक नरेंद्र मोदी जनता के दिलो में तब तक उन्हें कोई हटा नहीं सकता है।



### बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर है नजर

कैलाश चौधरी ने आगे बोलते हुए कहा कि अब उन लोगों की नजरें बाड़मेर-जैसलमेर की सीट पर भी है। क्योंकि बॉर्डर की यह सीट ऐसे लोगों के हाथ में चली जाए, जिसकी वजह से पाकिस्तान में घुसपैठ शुरू हो जाए। चौधरी ने कहा कि इसलिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग और पाकिस्तान लगा हुआ है। किसी भी प्रकार से इस सीट पर राष्ट्रवादी विचारधारा के व्यक्ति की जीतकर ना आए।

### पांच साल नहीं होने दी घुसपैठ

कैलाश चौधरी ने कहा कि मैंने 5 साल रहते हुए केंद्रीय एजेंसियों के साथ वार्ता करके किसी भी घुसपैठियों को अंदर नहीं घुसने दिया और अगर अंदर घुसा, तो उसको वहीं पर दफना दिया। किसी को बाहर निकले नहीं दिया। चौधरी ने कहा कि अब उनको वो पच नहीं रहा है। इसलिए टुकड़े-टुकड़े गैंग और पाकिस्तान लगा हुआ है। चौधरी ने कहा कि यहां से भाजपा जीतती है, तो भारत में पटाखे फूटेंगे। अगर यहां से दूसरे लोग जीत गए, तो पाकिस्तान में पटाखे फूटेंगे।

**ब्लाइंड मर्डर का खुलासा**

# मोबाइल चोरी के शक में दोस्तों ने ही की थी युवक नृशंस हत्या



**बेधड़क** | पाली

जिले में सुमेरपुर थाना पुलिस की टीम ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर घटना के सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मोबाइल चोरी के शक में साथी मजदूर ने अपने दो भाई, बहनोई एवं अन्य दो दोस्तों के साथ मिलकर चाकू व पत्थरों से वार कर हत्या की थी।

एसपी चुनाराम जाट ने बताया कि सुरेश उर्फ सूर्य गमेती (20), भाई प्रकाश उर्फ कुका (25) व प्रभु (22), बहनोई मोवना उर्फ मोवा (24) व साथी काला उर्फ कालू गमेती (22) एवं प्रेम गमेती (21) को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी थाना माण्डवा क्षेत्र के रहने वाले हैं।

एसपी जाट ने बताया कि 17 अप्रैल को कोलीवाडा गांव के पास पुलिस को गांव कुकावास निवासी युवक हमीरा राम उर्फ सोमिया उर्फ अमृत गमेती (25) पुत्र पप्पू राम का शव मिला था। पहली नजर में ही पुलिस ने भांप लिया कि हत्या कहीं और कर लाश यहां फेंकी गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी चैन सिंह महेचा व सीओ भूपेंद्र सिंह शेखावत के निर्देशन एवं एसएचओ भारत सिंह रावत के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें घटनास्थल के पास ही स्थित एक स्कूल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में रह रहे मजदूरों पर पुलिस का शक गहरा गया।

संदिग्ध की जानकारी हासिल की तो वे फरार मिले। पुलिस की एक टीम सिरोही के गांव सानवाड़ा से आरोपी प्रभु और प्रेम तथा दूसरी टीम ने गुजरात के पालनपुर से प्रकाश उर्फ कूका तथा सुरेश उर्फ सूर्या को पकड़ा वही सुमेरपुर में रुके हुए मोवना उर्फ मोहनतथा कालू को भी टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

**भगवान महावीर के जन्म कल्याण** पर किया आयोजन

# शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्र किया

**बेधड़क** | उदयपुर

भगवान महावीर जन्म कल्याणक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में अखिल भारतीय श्वेतांबर जैन महात्मा महासभा संस्थान उदयपुर, यूथ आइकॉन एवं हेल्पिंग हार्ट महिला ग्रुप ने आरएनटी ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर के मुख्य अतिथि 102 बार रक्तदान कर चुके रवींद्रपाल सिंह कप्पू थे। समाज के महेंद्र महात्मा ने भी 51 बार रक्तदान किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने अभिनंदन पत्र देकर आप दोनों का सम्मान किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को रक्त वीर सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रथम बार आयोजित इस रक्तदान शिविर की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और समाज हित में इसे बार-बार करने की अपील की। शिविर में महिलाओं और नियमित रक्तदान करने वाले युवाओं सहित कुल 55 रजिस्ट्रेशन हुए। शिविर के माध्यम से 21 यूनिट ब्लड आरएनटी ब्लड बैंक में जमा कराया गया है।

शिविर में उदयपुर कार्यकारिणी के सदस्यों, यूथ आइकंस एवं हेल्पिंग हार्ट सोशल ग्रुप महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।



**सिद्धपीठ गणेशपुरी धाम से महंत राजेंद्रपुरी ने किया रवाना**

# श्रीराम शोभायात्रा व भगवा रैली में गूंजे जयकारे

**बेधड़क** | चाकसू

श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में कस्बे में रविवार को श्रीराम जन्मोत्सव के मौके पर शोभायात्रा व भगवा रैली का निकाली गई। इसमें विधायक रामावतार बैरवा ने भी शिरकत की।

सिद्धपीठ गणेशपुरी धाम के महंत राजेंद्रपुरी महाराज के सानिध्य में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रीचंपेश्वर महादेव मंदिर गणेशपुरी धाम बगीची से शोभायात्रा व भगवा रैली रवाना हुई। इसके बाद कस्बे के कोटखावदा मोड अम्बेडकर सर्किल होकर मुख्य बाजार होते हुए तहसील चौराहा राम मंदिर पहुंची, जहां पर श्रीराम मंदिर समिति द्वारा भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई। इसके बाद शोभायात्रा सब्जी मंडी, गांधी स्मारक रोड से फागी मोड़ होते हुए वार्ड-17 स्थित नीलकंठ हनुमान मंदिर परिसर पहुंचकर विसर्जित हुई। इस दौरान शोभायात्रा, भगवा रैली का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भारत माता, श्रीराम दरबार और हनुमानजी की झांकियां सजाई गई। रैली के दौरान पूरे कस्बे में भगवा झंडे और बांदनवार लगाई गई।

रैली में शामिल युवाओं द्वारा जयश्रीराम के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो उठा। सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए डीजे की धुनों पर नाचते हुए चल रहे थे। इस दौरान सुरक्षा की व्यवस्था के तौर चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह, थानाप्रभारी कैलाश दान सहित भारी पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।



**कुमार विश्वास करेंगे 'अपने-अपने राम' कथा**

# मेहंदीपुर बालाजी धाम में आज से गूंजेगी श्रीराम महिमा, तैयारियां पूर्ण

**बेधड़क** | दौसा

जिले में स्थित मेहंदीपुर बालाजी धाम में सोमवार से दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर होने जा रही दो दिवसीय 'अपने-अपने राम' कथा का आयोजन 22 और 23 अप्रैल को किया जाएगा।

कवि कुमार विश्वास श्रोताओं को अपने अनूठे अंदाज में कथा श्रवण करवाएंगे। इसे लेकर बालाजी मंदिर ट्रस्ट पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में की जा रही विशेष तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रविवार को कवि कुमार विश्वास मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे और बालाजी महाराज के दर्शन किए। कथा आयोजन के लिए आस्थाधाम के मुख्य बाजार में स्थित संस्कृत कॉलेज के पास मंदिर ट्रस्ट की ओर से विशाल पांडाल बनाया गया है। हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाने के लिए देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए मंदिर ट्रस्ट की ओर से आस्थाधाम के करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

वहीं, दौसा और गंगापुर प्रशासन की ओर से करीब 400 पुलिसकर्मी आस्थाधाम में व्यवस्थाओं के लिए तैनात किए जाएंगे। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों के अनुसार अनेक संत-महंत भी शामिल होंगे। इनमें विशेष रूप से द् आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर, महामंडलेश्वर परमहंस स्वामी महेश्वरानंद पुरी महाराज, पंचदसनाम आह्वान अखाड़े के पीठाधीश्वर अवधूत बाबा, अरुण गिरी महाराज, लोहार्गल धाम सूर्य पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवदेशाचार्य महाराज, त्रिवेणी धाम रामरिछपाल दास महाराज, अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजुदास महाराज, दसनामी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गिरी और अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक आचार्य डॉ. लोकेश मुनि महाराज इस आयोजन में शामिल होंगे।



### राज्यपाल भी होंगे आयोजन में शामिल

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र भी इस आयोजन के साक्षी बनेंगे। इसको लेकर दौसा और गंगापुर जिला प्रशासन भी अपनी तैयारियों को लेकर सतर्क नजर आ रहा है। रविवार को मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस ने कस्बे की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही थाने के एएसआई शीशराम आर्य ने कस्बे में हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर मुख्य बाजार की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया है। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों के अनुसार आस्थाधाम में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में होने जा रही दो दिवसीय राम कथा का संगीतमय रसपान 22 और 23 अप्रैल को किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 3.30 से शाम 6.30 बजे तक रखा गया है।

### 70 हजार स्क्वायर फुट में बना पांडाल

बालाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से कथा के लिए भव्य पांडाल का निर्माण करवाया गया है। इसके लिए पिछले 15 दिनों से करीब 300 कारीगर पांडाल का निर्माण करने के लिए दिन-रात जुटे थे। फर्म के अधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि कथा के लिए 70 हजार स्क्वायर फीट एरिया में पांडाल का निर्माण किया गया है। इसके लिए देश के बिहार, कलकत्ता, पुणे और मुंबई से कारीगरों को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि पांडाल में 200 फिट का स्टेज तैयार किया गया है, जहां बैठकर कवि कुमार विश्वास संगीतमय राम कथा का वर्णन करेंगे। पांडाल के अंदर एक साथ करीब 10 हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

### सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

पांडाल के बाहर वाहनों को पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम तैनात की गई है। वहीं, इमरजेंसी सेवाओं के लिए डॉक्टरों की टीम भी आयोजन के दौरान मौजूद रहेगी। मंदिर ट्रस्ट के गॉर्ड और बाउंसर भी व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए पांडाल में तैनात किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को गर्मी से बचाने के लिए पूरे पांडाल में एसी लगाए गए हैं। मूलभूत सुविधाओं के लिए वैन खड़ी की जाएगी, जिससे कथा का श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। मानपुर पुलिस उपाधीक्षक दीपक मीना ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी में आयोजन को लेकर दौसा जिला प्रशासन की ओर से करीब 300 पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। जिले के कई उच्चाधिकारियों को भी व्यवस्थाओं के लिए तैनात किया जाएगा। साथ ही गंगापुर जिले के टोडाभीम पुलिस उपाधीक्षक मुरारीलाल मीना ने बताया कि आस्थाधाम में हनुमान जन्मोत्सव के उत्सव पर व्यवस्थाओं के लिए करीब 100 जवानों को तैनात किया जाएगा।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ तेज होगा संघर्ष, दो शिक्षक संगठनों का हुआ एकीकरण

# गैर शैक्षिक कार्यों ने सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था की कमर तोड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने राजस्थान के शिक्षकों के मुद्दों को लेकर रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। शिक्षक नेताओं ने कहा कि कई मुद्दें हैं जिनका लंबे समय से समाधान नहीं हुआ है।

हर सरकार स्थानान्तरण नीति का राग अलापती है लेकिन नीति कभी लागू नहीं की जाती है और स्थानांतरणों में जमकर भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, राजनीतिक प्रताड़नाएं और मनमानी होती है। यह ना केवल शिक्षकों के लिए अन्यायपूर्ण है बल्कि इसका शिक्षा




की गुणवत्ता पर भी घातक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर थोपे जा रहे गैर शैक्षिक कार्यों ने सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था की कमर तोड़ दी है और शिक्षकों को शिक्षण कार्य से अलग बहुउद्देशीय कार्मिक बना दिया है। यह शिक्षा अधिकार कानून का उल्लंघन है और शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। शिक्षकों के हजारों पद खाली हैं और हजारों शिक्षकों की पदोन्नति वर्षों से लंबित है।

शिक्षा का निजीकरण करने और संविदा पर शिक्षकों को नियुक्त करने, बड़ी संख्या में विद्यालयों को बंद करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 राज्य में थोपी जा रही है। प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन के कारण पुरानी पेंशन की निरंतरता पर बड़ा प्रश्न खडा हो रहा है ? जो प्रदेश के राज्य कर्मचारियों और शिक्षकों के समक्ष है। इन तमाम मुद्दों का तकाजा है कि राज्य के शिक्षक बड़ी एकता कायम करते हुए व्यापक आंदोलन का निर्माण करें।

### संगठनों का एकीकरण करने का निर्णय

इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तथा समान उद्देश्यों को देखते हुए और वैचारिक साम्यता को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान के दो प्रमुख शिक्षक संगठनों ने व्यापक विचार विमर्श उपरांत दोनों संगठनों का एकीकरण करने का निर्णय लिया है। दोनों संगठनों के प्रदेशाध्यक्ष फैलीराम मीणा व महावीर सिहाग तथा महामंत्री उपेंद्र शर्मा व पवन शर्मा ने दोनों संगठनों की प्रांतीय कार्यकारिणी की ओर से प्रेस सम्मेलन में दोनों संगठनों के एकीकरण की घोषणा की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक नेता चंद्रशेखर शर्मा, रामस्वरूप चतुर्वेदी, याकूब खान, पोखर मल, कल्याण सिंह भाटी, सुरेन्द्र सिंह मदेरणा, लोकेश कुन्तल, बलबीर, राम लाल डागर, अशोक सिसोदिया, अनिल अग्रवाल मुन्ना लाल , राजेन्द्र प्रसाद पारीक, सुरेश पारीक, शुभकरण नैन, ज्ञान सिंह, चेतन प्रकाश राजपुरोहित, मुकेश विजय, दामोदर शर्मा, अवधेश तिवाड़ी, दशरथ सिंह, लादू राम, छोटू लाल, विजय पोटलिया, विनोद पूनिया, रतिराम सहारण तथा श्रवण थालोड़ सहित अनेक वरिष्ठ शिक्षक नेता मौजूद रहे।

### फैलीराम कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

शिक्षक नेताओं ने बताया कि महावीर सिहाग प्रदेशाध्यक्ष व फैलीराम मीणा कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, उपेंद्र शर्मा महामंत्री तथा पवन शर्मा प्रदेश मंत्री के रूप में राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) का नेतृत्व करेंगे। इसी प्रकार भरतपुर, डीग, दौसा, अजमेर, ब्यावर जिलों की वर्तमान जिला कार्यकारिणी यथावत रूप से कार्य करती रहेगी। जिन जिलों मे दोनो संगठन क्रियाशील है, उन जिलों की जिला कार्यकारिणी आपस में तथा प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श कर समन्वय कायम करेगी। दोनों संगठनों का यह निर्णय शिक्षक आंदोलन को मजबूत करेगा और शिक्षक हितों की रक्षा में यह मील का पत्थर साबित होगा। यह निर्णय शिक्षक कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगा। प्रेस वार्ता में उक्त मुद्दों को लेकर संघर्ष करना चाहने वाले और पुरानी पेंशन की निरंतरता तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द करवाने की चाहत रखने वाले अन्य सभी शिक्षक संगठनों को एक मंच पर आकर संघर्ष मे सहभागिता निभाने के लिए राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने आमंत्रित किया है।

## Yuva स्टोरीज

## 453 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की



**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू के निकटवर्ती ग्राम रामपुरा NH52 पर स्थित जगन्नाथ विश्वविद्यालय के सभागार में 10वाँ दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर वी.के. अग्रवाल, प्रो-चांसलर जगन्नाथ विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संदेश दिया कि विद्यार्थियों को हमेशा स्फूर्तिवान एवं बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करने की कला होनी चाहिए।

विद्यार्थी अपनी दृढ़ ईच्छा, मेहनत एवं धैर्य से अपने कार्य का निर्वाहन करे, तो बड़ी से बड़ी सफलता के उच्च शिखर पर निश्चित रूप से पहुँच सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विकाश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जगन्नाथ विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता शिक्षा प्रदान की है। उन्हें समाज में जाकर ऐसे कार्य करने चाहिए कि जगन्नाथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार तन्मय पट्टनायक व मीडिया प्रभारी डॉ. श्रवण लाल शर्मा के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों में 453 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की, जिसमें से विद्यावाचस्पती की 13 डिग्रियाँ प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में अभियांत्रिकी, प्रबन्धन, कानून, आर्किटेक्ट, फीजयोथेरेपी, फार्मेसी, कृषि, विज्ञान एवं शिक्षा की डिप्लोमा, स्नातक, स्नाकतोत्तर एवम् विद्यावाचस्पती की उपाधियाँ प्रदान की गईं।

### सीयूईटी यूजी परीक्षा की डेटशीट जारी की

**जयपुर।** एनटीए ने सीयूईटी यूजी परीक्षा की डिटेल डेटशीट जारी कर दी है। इस बार कई विषय के लिए परीक्षाएं ऑनलाइन होंगी और कई विषय के लिए ऑफलाइन। सीयूईटी यूजी परीक्षा का आयोजन 15 मई से 24 मई के बीच किया जाएगा। इस वर्ष कुल 63 विषयों के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन होगा। परीक्षा की अवधि 45 मिनट की होगी। हालांकि, अकाउंटेंसी, इकोनॉमिक्स, फीजिक्स, कंप्यूटर साइंस/ आईपी, केमिस्ट्री, मैथ्स और जेनरल टेस्ट में 60 मिनट का समय दिया जाएगा। सीयूईटी के लिए जिन पेपर की परीक्षा ऑफलाइन या पेन पेपर मोड में होगी, उनका शेड्यूल कुछ इस प्रकार है। 15 मई- केमिस्ट्री, बायोलॉजी, इंग्लिश, जनरल टेस्ट, 16 मई- इकोनॉमिक्स, हिंदी, फिजिक्स, मैथ्स, 17 मई- ज्योग्राफी, फिजिकल एजुकेशन, बिजनेस स्टडीज, एकाउंटेंसी, 18 मई- हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस का पेपर होगा। वहीं ऑनलाइन मोड में लिए जाने वाले पेपर में 21 मई को कन्नड़, उड़िया, पंजाबी, तेलुगू, अरबी, चीनी, फ्रेंच, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, नेपाली, रशियन, संथाली, सिंधी, तिब्बती, कृषि, फाइन आर्ट्स, संस्कृत, साइकोलॉजी, फैशन स्टडीज, 22 मई कंप्यूटर साइंस, आईपी, संस्कृत, आंत्रप्रेन्योरशिप, होम साइंस, टीचिंग एप्टीट्यूड, एंथ्रोपोलॉजी, लीगल स्टडीज, 24 मई डोगरी, पारसी, स्पैनिश, एन्वार्यनमेंटल स्टडीज, परफॉर्मिंग आर्ट्स, बंगली, मराठी, इटैलियन, जापानी, इंजीनियरिंग ग्राफिक्स, टूरिज्म की परीक्षा होगी।

## टीचर बनने के लिए देना होगा सिर्फ एक टेस्ट

# प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में होगी एक जैसी यूनिफॉर्म

## शिक्षा मंत्री बोले- एंट्रेंस टेस्ट पॉलिसी तैयार कर रही सरकार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में सरकारी टीचर बनने के लिए अब अलग-अलग एग्जाम देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिक्षा विभाग एक एंट्रेंस टेस्ट पॉलिसी तैयार कर रहा है। इसके तहत अलग-अलग ग्रेड और सब्जेक्ट में टीचर्स की भर्ती की जाएगी। यह बात जोधपुर में स्कूल शिक्षा परिवार के कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कही है।

दिलावर ने कहा- सरकार गवर्नमेंट और प्राइवेट स्कूलों की यूनिफॉर्म एक जैसी करने की भी तैयारी कर रही है। इसे जल्द ही लागू कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा- शिक्षा विभाग में नौकरी के लिए युवाओं को भविष्य में अलग-अलग टेस्ट नहीं देने होंगे। हमारी सरकार इसको लेकर प्लानिंग कर रही है। वैसे फिलहाल जो प्रक्रिया है, इसमें अलग-अलग टेस्ट देने के साथ बीएड भी करनी होती है। उसके बाद भी एक और टेस्ट होगा। तब जाकर नौकरी लगेगी। उसमें संशोधन होना चाहिए। मुझे लगता है, इसकी जगह एक बार परीक्षा होनी चाहिए।

इसमें ग्रेड फर्स्ट, ग्रेड सेकेंड, ग्रेड थर्ड के साथ अलग-अलग सब्जेक्ट के टीचर्स का सिलेक्शन किया जाए। इसके साथ ही उसकी मेरिट भी तैयार हो। उन्हें बीएड करके आने के बाद परमानेंट किया जा सकता है।



### जल्द ही राजस्थान में लागू होगी नई नीति

शिक्षा मंत्री ने कहा- जब मेरे सेक्रेटरी को इस दिशा में काम करने के लिए कहा था तो उन्होंने मुझे कहा कि यह आइडिया तो काफी यूनीक है। इसके बाद मैंने उनसे कहा कि मुझे यूनीक काम ही करना है। अगर इसमें कोई लीगल समस्या नहीं आई तो इसे जल्द तैयार कर लागू करेंगे। देश में कभी न कभी कोई न कोई तो इस तरह की शुरुआत करेगा ही। फिर हम यह क्यों नहीं कर सकते हैं। ऐसे में जल्द ही इसको लेकर कोई नीति तैयार हो जाएगी, जिसे जल्द ही राजस्थान में लागू किया जाएगा। मदन दिलावर ने कहा- राजस्थान के सरकारी और प्राइवेट स्कूल की यूनिफॉर्म में एकरूपता होनी चाहिए। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले गरीब तबके के बच्चे जब बड़े स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की यूनिफॉर्म देखते हैं। उनमें हीन भावना आ जाती है। यही हीन भावना उन्हें जीवन में आगे बढ़ने से भी रोकती है। उन्हें लगता है, मेरे मां-बाप गरीब हैं। इसलिए मैं यह विचार कर रहा हूं कि प्राइवेट और सरकारी स्कूलों की यूनिफॉर्म एक जैसी होनी चाहिए। उसमें जूते, मौजे, शर्ट, पेंट समेत पूरी यूनिफॉर्म एक जैसी होगी। इसको लेकर हमने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्राइवेट स्कूल वाले मिलजुल कर कोई एक ड्रेस पर सहमति दे दें। हम उसे पूरे राजस्थान में लागू करने का काम करेंगे।

### अलग-अलग परीक्षाओं से परेशानी

दिलावर ने कहा- मेरे मन में यह विचार इसलिए आया क्योंकि मैं अलग-अलग परीक्षाओं में युवाओं को परेशान होते देखता था। बीएड करने के बाद भी उनकी नौकरियां नहीं लग रही थी। उनके परिवार पर क्या बीतती होगी। क्योंकि, इन परीक्षाओं के चक्कर में उनके जीवन के तीन से चार साल बर्बाद हो जाते हैं। अगर उनकी पहले ही नौकरी तय हो जाए। उसके बाद अगर उनका प्रशिक्षण होगा तो उनके जीवन के तीन से चार साल बर्बाद होने से बच जाएंगे।

## 'वार्षिक उत्सव' में बोले राज्यपाल...

# महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो समाज आगे बढ़ेगा



**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि महिलाओं को यदि समाज में आगे बढ़ने के अवसर मिले हैं तो वे अपना श्रेष्ठतम प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि जिस समाज में महिलाओं का सम्मान होता है, वही तेजी से विकास की ओर अग्रसर होता है।

उन्होंने वार्षिक उत्सव के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को वुमन आइकन अवॉर्ड प्रदान करते हुए कहा कि इनसे प्रेरणा लेकर बालिकाए हर क्षेत्र में अग्रणी रहने का प्रयास करे। मिश्र रविवार को एक शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को सम्मान प्राप्त हुआ है, वह सभी अपने—अपने क्षेत्र की होनहार प्रतिभाएं हैं।

यह उस नारी शक्ति का सम्मान है जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य कर समाज में महिला शक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। राज्यपाल ने छात्राओं को उच्च शिक्षा के अधिकाधिक अवसर प्रदान करने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल शिक्षा प्रदान करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा का अर्थ है, संस्कारित समाज का निर्माण।

उन्होंने समाज में लीक से हटकर कार्य करने वाली विभिन्न महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि जब-जब महिला शक्ति ने कुछ करने की ठानी, समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि एक महिला को शिक्षा प्रदान करने का अर्थ है, पूरे परिवार और समाज की शिक्षा की व्यवस्था करना।

मिश्र ने महिला शिक्षा के लिए समाज में प्रभावी वातावरण निर्माण करने, ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए विशेष शिक्षा के अवसर सृजित करने, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सभी स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए जाने का भी आह्वान किया। इससे पहले उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। राज्यपाल ने महिला आइकन अवॉर्ड विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनकी सराहना की।

## आज से कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**बेधड़क** | जयपुर


प्रदेश के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में एडमिशन के लिए आयोजित होने वाले प्री टीचर एजुकेशन टेस्ट का आयोजन वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी कोटा करवा रही है। यह एक्जाम 9 जून को होगा। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 6 मार्च से 15 अप्रैल तक हुए थे। जिसे अब दोबारा खोला जा रहा है। ऐसे में इच्छुक अभ्यर्थी 22 से लेकर 30 अप्रैल के मध्य ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीटीईटी 2024 के कोऑर्डिनेटर डॉ. आलोक चौहान का कहना है कि बीएड, बैचलर व बीएड इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के लिए बीते साल की अपेक्षा अभ्यर्थियों ने कम आवेदन किया था। हालांकि ऑनलाइन आवेदन बंद होने के बाद कई इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन से वंचित रह गए थे। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारिख को आगे बढ़ाया गया है। डॉ चौहान के मुताबिक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट www.ptetvmou2024.com पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्हें 500 रुपए फीस ऑनलाइन ही जमा करवानी होगी।

## जॉब | बेहतर भविष्य के साथ लाखों में होगी सैलरी

# कंप्यूटर साइंस में बीटेक के बाद बेहतर कॅरिअर विकल्प

**बेधड़क** | नई दिल्ली

हमारे देश में वर्तमान समय में बीटेक इन कंप्यूटर साइंस का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। बीटेक करने वाले हर स्टूडेंट की और उनके अविभावकों की पहली पसंद कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने की होती है। ऐसा इसलिए है कि कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने के बाद कॅरिअर के लिहाज से अन्य ब्रांचेस के मुकाबले बेहतर कॅरिअर विकल्प उपलब्ध हैं। कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने के बाद आपको बेहतर सैलरी पैकेज पर नौकरी मिलने के चांसेस सबसे ज्यादा रहते हैं। अगर आप भी कंप्यूटर साइंस से बीटेक कर रहे हैं या करने चाह रहे हैं तो तो आपके पास विभिन्न जॉब्स के अवसर मौजूद हैं। इनमें से कुछ की जानकारी आप यहां से चेक कर सकते हैं।



### सॉफ्टवेयर इंजीनियर

बीटेक करने के बाद सबसे बेहतर करियर विकल्प सॉफ्टवेयर इंजीनियर का होता है। इसमें नए-नए सॉफ्टवेयर डेवलप करना, उनके लिए एप्लीकेशन व प्रोग्रामिंग डेवलप व मैनेज करने का काम होता है। इसके साथ ही सॉफ्टवेयर में आने वाली दिक्कतों, कोडिंग, उनकी टेस्टिंग और उनका ध्यान रखने की होती है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स की मांग विभिन्न सॉफ्टवेयर कंपनियों, आईटी कंसल्टेंसी सहित विभिन्न जगहों पर लगातार बनी रहती है। यह कंपनियां कोर्स खत्म होते ही आपको लाखों के पैकेज पर हायर करती हैं।

### वेब डेवलपर

कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने के बाद आप वेब डेवलपर भी बन सकते हैं। वेब डेवलपर का काम वेबसाइट का निर्माण करना, उसका रखरखाव रखना करना होता। वेबसाइट पर किसी प्रकार की दिक्कत होने पर उसको ठीक करके बेहतर एक्सपीरियंस देना भी वेब डेवलपर का काम होता है। हमारे देश में वेब डेवलपर की सैलरी 4 से लेकर 5 लाख रुपये वार्षिक से शुरू होती है।

### डाटा साइंटिस्ट

हमारे देश में वर्तमान समय में विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि बैंकिंग, हेल्थकेयर, ई-कॉमर्स सहित अन्य जगहों पर डाटा साइंटिस्ट की भारी मांग रहती है। कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने के बाद आप इस क्षेत्र में भी करियर का निर्माण कर सकते हैं। डाटा साइंटिस्ट के पद पर आपकी शुरुआती सैलरी ही 5 से 6 लाख रुपये वार्षिक हो सकती है। इन सबके अलावा कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने वाले अभ्यर्थी कंप्यूटर नेटवर्क इंजीनियर , साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट, कंप्यूटर साइंस ब्लॉगर, ब्लॉकचेन डेवलपर , आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सपर्ट, आईटी कंसल्टेंट, गेम डेवलपर आदि पदों पर भी आसानी से नौकरी पा सकते हैं और आसानी से 5 लाख रुपये सालाना के वार्षिक वेतन शुरुआती दौर में ही पा सकते हैं। समय एवं एक्सपीरियंस के साथ वेतन में लगातार बढ़ोत्तरी होती जाती है।




अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार


# उर्वरकता तथा धन-संपदा देने वाली भूमि माता

### 16 से 22 अप्रैल तक मनाया जाता है पृथ्वी सप्ताह

*"ग्लोबल वार्मिंग के कारण नित्य चिंतनीय होते युग में जीवन संपदा को बचाने व पर्यावरण को ठीक रखने के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व पृथ्वी दिवस की महत्ता और भी बढ़ जाती है। इसलिए कई शहर पृथ्वी दिवस को पृथ्वी सप्ताह के रूप में पूरे सप्ताह के लिए मनाने लगे हैं। यह सप्ताह 16 अप्रैल से शुरू होता है, और 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस के दिन इसका समापन किया जाता है।"*

भारतीय संस्कृति में पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, वनस्पति, अन्तरिक्ष, आकाश आदि के प्रति असीम श्रद्धा प्रकट करने, उन्हें पूज्य मानने की वृहत व प्राचीन परंपरा रही है। संसार के प्राचीनतम ग्रंथ वेदों में भी इनकी विशेष महिमागान की गई है। और इन सबके मध्य सामंजस्य स्थापित करते हुए जीवन व्यतीत करने पर बल दिया गया है, ताकि पर्यावरण असन्तुलन की समस्या उत्पन्न नहीं हो। इनमें हुए अवांछनीय परिवर्तनों के कारण वर्तमान में मृदा प्रदूषण, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण जैसी समस्याएं चहुंओर व्याप्त हैं। जल जीवन का प्रमुख तत्त्व है। ऋग्वेद 1/23 सूक्त में जल का वैशिष्ट्य बतलाते हुए उसके महत्त्व पर पर्याप्त प्रकाश डालते हुए कहा गया है कि जल में औषधीय गुण विद्यमान रहते हैं। जल में अमृत है। इसलिए इसकी शुद्धता-स्वच्छता को बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए। जलतत्त्व की शुद्धता को स्वस्थ जीवन के लिए नितांत आवश्यक माना गया है। जल संतुलन से ही भूमि में अपेक्षित सरसता रहती है। पृथ्वी पर हरीतिमा छायी रहती है। वातावरण में स्वाभाविक उत्साह दिखलाई पड़ता है। और समस्त प्राणियों का जीवन सुखमय तथा आनन्दमय बना रहता है। सभी ऋतुओं को अनुकूल रखने का वर्णन भी वेदों में मिलता है। ऋग्वेद के अनुसार वायु में जीवनदायिनी शक्ति है। इसलिए इसकी स्वच्छता पर्यावरण की अनुकूलता के लिए परम आवश्यक है। वेदों में वायु की स्तुति की गई है, जिससे जीवों का निरन्तर सम्यक विकास होता रहे।

यह सच है कि सांस पर ही तो मानव के जीवन की डोर बंधी है। लेकिन सांस के ही जहरीली हो जाने पर उससे जीवन की आशा कैसे व क्या की जा सकती है? सांस की सार्थकता वातावरण की मुक्तता में निहित है। लेकिन आज वातावरण मुक्त कहीं नजर नहीं आता। मुक्त वातावरण का अर्थ है- आवश्यक गैसों की मात्रा में संतुलन का बना रहना। पादप एवं जन्तु दोनों ही वातावरण संतुलन के प्रमुख घटक हैं। इसलिए दोनों का ही संतुलित अनुपात में रहना परमावश्यक है। आज पेड़-पौधों की निर्ममतापूर्वक कटाई से वातावरण में कार्बनडाई ऑक्साइड की मात्रा में अतिशय वृद्धि हो रही है। निःसंदेह प्रकृति विज्ञान में असन्तुलन उपस्थित करना विनाश को आमंत्रण देना होता है।

उल्लेखनीय है कि प्रकृति के पंचमहाभूत-क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर- भौतिक एवं जैविक पर्यावरण का निर्माण करते हैं। वेदों में मूलतः इन पंचमहाभूतों को ही दैवीय शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। मानव कृत संस्कृति का निर्माण मानव मन, बुद्धि एवं अहं से होता है। इसीलिए श्रीमद्भागवद्गीता में श्रीकृष्ण ने प्रकृति के पांच तत्वों के स्थान पर आठ तत्वों का उल्लेख किया है-

***भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धि रेव च।***
***अहंकार इतीयं में भिन्ना प्रकृतिरष्टधा।।***
***-श्रीमद्भागवद्गीता 7/4***

***भारत में भूमि को मातृ सदृश्य मानकर उसके प्रति अतिशय श्रद्धा प्रकट की जाती रही है। वेद में भी भूमि को माता कहा गया है -***

***माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः।***
***-अथर्ववेद 12/1/12***

***उपहूता पृथिवी माता। -यजुर्वेद 2/10***

***अथर्ववेद 12/1/9 में भूमि की प्रार्थना करते हुए कहा गया है-***

***यस्यामापः परिचराः समानीरहोरात्रे अप्रमादं क्षरन्ति।***
***सा नो भूमिर्भूरिधारा पयो दुहामथो उक्षतु वर्चसा।। -अथर्ववेद 12/1/9***

अर्थात- जिस भूमि की सेवा करने वाली नदियां दिन-रात समान रूप से बिना प्रमाद के बहती रहती हैं, वह भूरिधारा भूमिरुप गौ माता हमें अपना जलधार-रूप दूध सदा देती रहें। यजुर्वेद 5/9 में पृथ्वी को ऊर्जा अर्थात उर्वरकता देने वाली तप्तायनी तथा धन सम्पदा देने वाली वित्तायनी कह कर प्रार्थना की गई है कि वह हमें साधनहीनता,दीनता की व्यथा व पीड़ा से बचाए-

***तप्तायनी मेसि वित्तायनी मेस्यवतान्मा नाथितादवतान्मा व्यथितात्।-यजुर्वेद 5/9***

अथर्ववेद के पृथ्वीसूक्त में क्षिति अर्थात पृथ्वी- तत्व का मानव जीवन में महत्व तथा अन्य चार प्रकृति तत्वों के संग, समायोजन पूर्वक क्रियाशील रहकर उन समस्त जड़-चेतन को धारण करने वाली जीवनी शक्ति का विशद वर्णन अंकित है। अथर्ववेद में ही पृथ्वी को अपने में सम्पूर्ण सम्पदा प्रतिष्ठित कर, विश्व के समस्त जीवों का भरण पोषण करने वाली कहा गया है।

***-विश्वम्भरा वसुधानी प्रतिश्ठा हिरण्यवक्षा जगतों निवेषनी। - अथर्ववेद 12/1/6।***

उर्वरकता तथा धन- संपदा प्रदान करने वाली भूमि माता के महत्व, आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए वेद में पृथ्वी के मर्मस्थानों को चोट न पहुंचाने, भूमि के प्रति हिंसा न करने के लिए भी उपदेश दिया गया है। अथर्ववेद 12/1/35 में कहा गया है-

***यत्ते भूमे विखनामि क्षिप्रं तदपि रोहतु।***
***मा ते मर्म विमृग्वरि मा ते हृदयमर्पिपम्।।***
***-अथर्ववेद 12/1/35***

अर्थात- पृथ्वी की संपदा अर्थात अन्न, वनस्पति, औषधि, खनिज आदि प्राप्त करने हेतु प्रयास करने से पूर्व कई गुना फल प्रदान करने की प्रार्थना परमात्मा से की गई है, ताकि हमारे अनुसंधान व पृथ्वी को क्षत विक्षत (खोदने) करने के कारण पृथ्वी के मर्मस्थलों को चोट न पहुंचे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## पृथ्वी दिवस विशेष

# बढ़ता जा रहा है पृथ्वी का संकट




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


*"एक आंकड़ें के मुताबिक अब तक वायुमंडल में 36 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड की वृद्धि और 24 लाख टन ऑक्सीजन समाप्त हो चुकी है। अगर यही स्थिति रही तो 2050 तक पृथ्वी के तापक्रम में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।"*



पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्थन प्रदर्शित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का शुभारंभ अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के द्वारा 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में किया गया, जो आज संसार के 192 देशों के करोड़ों लोगों की ओर से मनाया जाता है। सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के मन में पृथ्वी दिवस का विचार तब आया जब उन्होंने देखा कि सेंट बारबरा तेल रिसाव, प्रदूषण उगलती फैक्ट्रियां, पावर प्लांटों से निकलते खतरनाक तत्व, नगरीय कचरे और मलबे से पर्यावरण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है।

उन्होंने इस ओर अमेरिकी जनमानस का ध्यान आकर्षित करते हुए 22 अप्रैल 1970 को पृथ्वी दिवस आयोजित कर आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की शुरुआत की और लाखों अमेरिकी नागरिकों ने इस आयोजन में सहभागिता कर एक स्वस्थ व स्थायी पर्यावरण के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। हालांकि एक ओर जहां यह त्रासदी है कि एक ओर दुनिया के सभी देश पृथ्वी दिवस के नाम पर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए नए-नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। नतीजा सामने है। पृथ्वी का संकट बढ़ता जा रहा है। आज विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश होने से प्रकृति की एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसदी की कमी आयी है।

उदाहरण के तौर पर भारत में ही पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसदी की कमी आयी है। वनों के विनाश से वातावरण जहरीला हो चुका है। प्रतिवर्ष 2 अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइऑक्साइड वायुमण्डल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को भारी नुकसान पहुंच रहा है। नेचर जिओसाइंस की मानें तो ओजोन परत को होने वाले नुकसान से कुछ खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इन खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) का ओजोन को नुकसान पहुंचाने में भागीदारी 90 फीसदी है। विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियाल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है।

गौरतलब है कि दुनिया के 20 सबसे ज्यादा क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित करने वाले देशों के बीच ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए 16 सितंबर, 1987 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक संधि हुई जिसे मांट्रियाल प्रोटाकॉल नाम दिया गया। उसका मकसद ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार गैसों एवं तत्वों के इस्तेमाल पर रोक लगाना था, लेकिन इस दिशा में अभी तक अपेक्षित सफलता हासिल नहीं मिली है। एक आंकड़ें के मुताबिक अब तक वायुमंडल में 36 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड की वृद्धि और 24 लाख टन ऑक्सीजन समाप्त हो चुकी है। अगर यही स्थिति रही तो 2050 तक पृथ्वी के तापक्रम में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आज जब मनुष्य 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य सह नहीं पा रहा है तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी कैसे बर्दाश्त करेगा? नतीजा यह होगा कि सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेगी। कहीं सूखा पड़ेगा तो कहीं गरम हवाएं चलेंगी। कहीं भीषण तूफान होगा तो कहीं बाढ़ की विनाशलीला मचेगी। एक अनुमान के मुताबिक यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए तो आर्कटिक एवं अंटार्कटिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे। इससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे। याद होगा पर्यावरण के संरक्षण के लिए 5 जून 2007 का सबसे ज्वलंत विषय 'पिघलती बर्फ' था। इस पर मुख्य अंतरराष्ट्रीय आयोजन नॉर्वे के ट्राम्से में संपन्न हुआ और दुनिया भर में 'ग्लोबल आउटलुक फॉर आइस एंड स्नो' की शुरुआत हुई। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। इंटर गवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई है। वैज्ञानिकों को मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर-2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसदी ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा।

पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण संभवतः ग्रीन हाउस प्रभाव ही था। निश्चित रूप से मनुष्य के विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। पर उसकी सीमा निर्धारित होनी चाहिए, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। विकास के लिए बिजली आवश्यक है। हालांकि जिस तरह बिजली उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है। जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषि जल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। सीवर का गंदा पानी और औद्योगिक कचरा बहाने के कारण क्रोमियम और मरकरी जैसे घातक रसायनों से नदियों का पानी जहर बनता जा रहा है। वैज्ञानिकों की मानें तो जल संरक्षण और प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले 200 सालों में भूजल स्रोत सूख जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# सोना 'खरा' है कि 'खोटा'...!




सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार


हम सभी भारतीय हैं और भारतीयों का सोने के प्रति अतिरिक्त मोह अभी अभी पैदा नहीं हुआ है। यह सदियों सदियों से भारतीयों में रहा है और रहेगा। जी हां, हम सोने की (गोल्ड) बात कर रहे हैं, नींद वाले 'सोने' की नहीं। हाल ही में अप्रैल में ही गोल्ड साढ़े तिहत्तर हज़ार प्रति तौला के हिसाब से आलटाइम हाई रेट पर बिका। खैर जो भी हो, अलग-अलग लोगों के लिए सोने का मतलब भी अलग-अलग है। मसलन महिलाओं के लिए 'सोने' का मतलब गोल्ड से है। लोहे का काम करने वालों के लिए लोहा ही सोना है। सब्जी वाले के लिए सब्जियां, कपड़े का व्यापार करने वालों के लिए कपड़ा, किसानों के लिए खेतों में पैदा होने वाली सारी फसलें, मजदूर के लिए मजदूरी, विद्यार्थी के लिए परीक्षा परिणाम और नेताओं के लिए वोटर्स ही सोना हैं। हमारे जैसे लेखकों के लिए लिखना ही सोना है और सोने(नींद लेने वालों) वालों के लिए सोना(नींद लेना) ही सोना है। कुल मिलाकर सोने की कहानी बड़ी अजब-गजब है। अब कोई कच्चे तेल को काला सोना कहते हैं तो किसान कोटन को सफेद सोना कहते हैं। वैसे चाय हरा सोना कहलाती है तो केसर लाल सोना। सोयाबीन पीला सोना कहलाती है तो पानी नीला सोना कहलाता है। शैवाल की खेती को हरा सोना कहा जाता है तो नीलगिरी और देवदार के पेड़ों को ब्राऊन सोना कहा जाता है। वैसे तंबाकू को भी ब्राऊन सोना कहा जाता है। अब आप ही बताइए कोई बालीवुड में हीरोइनों के बालों को 'सोना' कहता है तो कभी आशा भौंसले और मोहम्मद रफी जी इस सोना को लेकर गुनगुनाते हैं -'ओ मेरे सोना रे सोना रे...। अब कोई सिगरेट के नाम के आगे 'गोल्ड' लगाता है तो कोई मेडल के आगे। कोई सोने को 'खरा' कहते हैं तो कोई 'खोटा'। बहरहाल, सच बात तो यह है कि सोना आदमीजात को हमेशा हमेशा से कंफ्यूज करता आया है। और आपको तो पता ही है कि कन्फ्यूज़्ड आदमी को कभी भी नींद नहीं आती है। मतलब कि उसे 'सोना' नसीब नहीं हो सकता है।

वैसे गोल्ड वाला सोना आदमी की नींद उड़ाता है तो सोने वाला (नींद वाला) सोना आदमी को सुकून देता है। एक सोने(गोल्ड) को लोकर में रखना पड़ता है तो दूसरा 'सोना' (नींद) जब आदमी के पास होता है तो घोड़े बेचकर सोता है। एक तरफ सोने(नींद) में सुकून है तो दूसरी तरफ सोने (गोल्ड) में सुकून छिन जाता है। सोने(गोल्ड) की रखवाली के लिए आदमी को दिन-रात जागना पड़ता है। इसलिए हम तो कहते हैं कि अजी ! कोई सा भी सोना हो, सोने का मोह बिल्कुल भी मत कीजिए। सोने (गोल्ड) में भी मादकता है और सोने (नींद) में भी मादकता है और आपको तो पता ही है कि मादकता ठीक चीज नहीं होती है। इसलिए आप किसी भी सोने के चक्कर में मत पड़िए। आप तो सोते सोते हमारा सोने पर यह व्यंग्य पढ़िए और इसे ही सोना मानकर मस्त -मलंग रहिए। जय राम जी की। गुस्ताख़ी माफ़।

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
कांग्रेस की अर्बन नक्सल सोच की नजर अब मेरी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है। क्या ऐसी कांग्रेस पर मेरे परिवारजन कभी भरोसा करेंगे।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद नरेंद्र मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबरा कर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।



**सचिन पायलट,** कांग्रेस नेता
@SachinPilot
पिछले 10 वर्षों के काम का हिसाब जब भाजपा से मांगा जाता है, तो उनके नेता चर्चा करने से बचते हैं, चुप्पी धारण कर लेते हैं। भाजपा ने 10 वर्षों के कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं, श्रमिकों सहित हर वर्ग को ठगने का काम किया है।

## नॉलेज कॉर्नर: प्रिंटिंग प्रेस में छपते हैं कई देशों के नोट

# नोट छापने की सबसे बड़ी कंपनी 'दे ला रुए'

दुनिया के तमाम देशों में नोट छापने के लिए उनके खुद के प्रिंटिंग प्रेस मौजूद हैं, लेकिन आज हम आपको इंग्लैंड में स्थित एक ऐसे प्रिंटिंग प्रेस के बारे में बताने वाले हैं, जहां पर दुनिया के तमाम देशों की करेंसी छपती हैं। इतना ही नहीं इस कंपनी का नाम लंदन स्टॉक एक्सचेंज में भी दर्ज है। बता दें कि ये एक ब्रिटिश कंपनी है। इसका हेडक्वार्टर इंग्लैंड में बेसिंगस्टोक में है। ये तमाम देशों के नोट और स्टांप पेपर के अलावा पेपर, पासपोर्ट, सिक्युरिटी प्रोडक्ट्स छापने का काम करती है। जानकारी के मुताबिक इसकी बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों की अलग यूनिट्स देशों के करेंसी नोट और स्टांप पेपर के अलावा, पासपोर्ट, चेकबुक, डाकटिकट और सेक्युरिटी प्रिंटिंग का काम करती हैं। इसके बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### ऐसे हुई कंपनी की शुरुआत

इस कंपनी की शुरुआत बहुत मामूली तरीके से हुई थी। जानकारी के मुताबिक पहले इस कंपनी के पास अपना एक छोटा छापाखाना था, जिस पर प्लेइंग कार्ड्स छापकर बेचती थी। इसके साथ ही हैट्स बनाती थी। ये कंपनी 200 साल पहले 1821 में शुरू हुई थी। उस वक्त कंपनी ने अपना काम गर्नसे से शुरू किया था, लेकिन फिर वो अपना कामकाज लंदन लेकर गए थे। बता दें कि ये कंपनी सबसे पहले हैट मेकर के तौर पर जानी जाती थी, लेकिन फिर उसने रॉयल वारंट लाइसेंस के तहत प्लेइंग कार्ड्स छापना शुरू किया था, क्योंकि उन दिनों कंपनियां ऐसे ही ताश के पत्ते नहीं छाप सकती थी। इसके लिए उन्हें बाकायदा सरकार से अधिकार हासिल करने होते थे।



### कैसे आगे बढ़ी कंपनी

जानकारी के मुताबिक कंपनी ने जब ताश के पत्ते छापने के लिए छापाखाना लगाया था, उस वक्त प्रिंटिंग के दूसरे विकल्प भी देखने शुरू किए थे। इसी के तहत 1855 में उसने स्टांप टिकट की प्रिंटिंग शुरू की थी। हालांकि डाक टिकट उन दिनों सेक्युरिटी प्रिंटिंग से जुड़ा मामला था। इसके बाद कंपनी को लगा कि वो करेंसी प्रिंटिंग के बिजनेस में उतर सकती है। क्योंकि तब बहुत कम देशों में उन्नत किस्म के प्रिंटिंग प्रेस थे। इसी कारण कंपनी को सबसे पहले 1955 में मॉरीशस और फिर ईरान से करेंसी छापने का आदेश मिला था। इसके बाद तो कंपनी आगे बढ़ चुकी थी।

### 70 देशों का काम है कंपनी के पास

*जानकारी के मुताबिक 2003 में ये कंपनी इंग्लैंड, इराक के नोट छापने लगी थी। वहीं, इस कंपनी ने करेंसी डिजाइनिंग में बड़े सुरक्षा मानक तैयार किए थे। हालांकि डिजिटल दौर आने के बाद कंपनी के कामकाज पर भी असर पड़ा है। आज कंपनी के पास 70 देशों का काम है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

**तृणमूल प्रमुख का भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी पर प्रहार: कहा- हम भगवा पार्टी की साजिश से नहीं डरेंगे**

## भाजपा मुझे और अभिषेक को बना रही है निशाना: मुख्यमंत्री बनर्जी

एजेंसी | कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें और उनके भतीजे अभिषेक को निशाना बना रही है। उन्होंने ये भी कहा कि वह और अभिषेक सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। उन्होंने भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी पर भी तीखा हमला बोला।



ममता ने कुमारगंज में पार्टी की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम भगवा पार्टी की साजिश से डरेंगे नहीं। हम सभी से अपील करते हैं कि वह टीएमसी नेताओं और बंगाल के लोगों के खिलाफ की जा रही साजिश से सावधान रहें। ममता बनर्जी का यह बयान भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें अधिकारी ने कहा था कि 'सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जिससे टीएमसी का शीर्ष नेतृत्व हिल जाएगा।'

### सुवेंदु अधिकारी को लिया आड़े हाथ

सुवेंदु अधिकारी पर तीखा हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 'एक गद्दार है, जो अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा में शामिल हो गया। मैं उसे बताना चाहती हूं कि उसके चॉकलेट बम को हम कोई भाव नहीं देते। हम पटाखों से उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड की विसंगतियों के खुलासे के पटाखे, हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख भेजने के जुमलों के पटाखे से जवाब देंगे। वे सिर्फ झूठ फैलाते हैं।

### धर्म की राजनीति करने का आरोप

ममता ने दूरदर्शन का लोगो बदलने पर भी केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के बीच लोगो को भगवा रंग में रंगकर भाजपा धर्म की राजनीति कर रही है। यह भाजपा के तानाशाही शासन की पहचान है और अगर वह सत्ता में वापस आए तो देश में चुनाव का कोई भविष्य नहीं होगा।

## सीएए को किसी भी कीमत पर लागू किया जाएगा: राजनाथ सिंह

एजेंसी | कोलकाता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को पूरे देश में किसी भी कीमत पर लागू किया जाएगा। सिंह ने मुर्शिदाबाद के जलांगी में एक चुनावी रैली में कहा, सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है, जिन्होंने धार्मिक कारणों से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों को छोड़ दिया है। ममता बनर्जी और उनकी पार्टी इसका विरोध कर सकती है, लेकिन सीएए किसी भी कीमत पर देश में लागू किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल धार्मिक तनाव को बढ़ावा दे रहा है। यह नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चैतन्य महाप्रभु की भूमि है. रक्षा मंत्री ने कहा, पश्चिम बंगाल में अराजकता है।



**जरूरी खबर**

### भाजपा की इस बार सत्ता में वापसी आसान नहीं



**गाजियाबाद/अमरोहा।** बसपा की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को दावा किया कि यदि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर संदेह जाहिर करते हुए यह बात कही। बीएसपी प्रमुख ने रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन और गाजियाबाद में नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित किया।

### कोकराझार से सांसद सरानिया का नामांकन रद्द

**गुवाहाटी।** लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे कोकराझार के सांसद नबा कुमार सरानिया का नामांकन पत्र रविवार को रद्द कर दिया गया। सरानिया गण सुरक्षा पार्टी (जीएसपी) के प्रमुख हैं। रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप कुमार द्विवेदी ने कहा कि सरानिया का नामांकन पत्र अवैध पाया गया, इस वजह से यह कार्रवाई की गई। प्रदीप कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था। उस दिन तक 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इसमें से 15 नामांकन वैध पाए गए। वहीं, सरानिया का नामांकन अवैध पाया गया। रिटर्निंग ऑफिसर ने नबा कुमार सरानिया ने नामांकन पत्र में समुदाय वाले कॉलम में 'बोरो' की जगह 'रवा' का उल्लेख किया गया है। साथ ही रवा समुदाय को प्रमाण पत्र जारी करने वाले प्राधिकारी के किसी भी प्रतिहस्ताक्षर के बिना दर्ज किया गया है। ऐसे में प्रमाणपत्र संदिग्ध लग रहा है।

**झारखंड में 'INDIA' का शक्ति-प्रदर्शन: भाजपा पर जमकर बरसे विपक्षी नेता**

## मोदी हो या कोई और, हमारी मजबूती को नहीं तोड़ सकते

एजेंसी | रांची

झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने एकजुटता दिखाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व में रांची के प्रभात तारा मैदान में 'उलगुलान न्याय' रैली आयोजित की गई। रैली में गठबंधन नेताओं ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी गरीबों का वोट छीन लेना चाहते हैं। वह बार-बार कहते हैं कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि हमारी संसद में 543 सीटें हैं। मोदी जी कहते हैं- 400 पार। गनीमत है कि उन्होंने अब तक नहीं कहा 600 पार। खरगे ने कहा कि गठबंधन की शक्ति इस बार इतनी है कि मोदी हो या कोई और, हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकते। हम हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने से डरने वाले नहीं हैं। दो मुख्यमंत्री को जेल में डालने से हम खत्म नहीं होने वाले। उन्होंने कहा- मोदी जी आप खूब कोशिश करो हमको मिट्टी में दबाने की। लेकिन हम उगते रहते हैं, क्योंकि हम बीज हैं। आप कितनी भी कोशिश कर लो, देश में हर पार्टी जिंदा रहेगी। यह लोकतंत्रकी खासियत है।

### लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए रैली

पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी नहीं है, बल्कि भारतीय जुमला पार्टी है। देश में बड़ा इंकलाब आने वाला है। आज जहां तक नजर जा रही थी, वहां तक लोगों की भीड़ थी, लोगों में बहुत उत्साह था। जब बदलाव के लिए लोग चलते हैं तो ऐसी ही भीड़ दिखती है। कोई राजनीतिक रैली नहीं है। यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लेने के लिए आयोजित जनसभा है। केजरीवाल और हेमंत सोरेन ने लोगों के लिए बेहतर काम करने शुरू किए, तो आपने उन्हें जेल भेज दिया।




### प्रियंका चतुर्वेदी ने कही यह बात

शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने मुझ से कहा कि प्रियंका तुम झारखंड जाओ और हमारी दो बहनें एक दिल्ली में और एक झारखंड में जो लड़ाई लड़ रही हैं, उनके साथ उनकी आवाज उठाओ। देश की जनता को बताओ कि किस प्रकार ईडी-सीबीआई-आईटी विपक्ष का गला घोंटने का काम कर रही है।

### इन नेताओं ने किया रैली को संबोधित

रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राजद नेता तेजस्वी यादव, समाजवादी प्रमुख तेजस्वी यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रैली को संबोधित किया। सुनीता ने अरविंद केजरीवाल और कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा।

### संजय सिंह ने पीएम मोदी को घेरा

'आप' सांसद संजय सिंह ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया भारत के लिए काम करेगा और पीएम मोदी अदाणी के लिए काम करेंगे। भाजपा ने बंगाल में '400 पार', '200 पार', दिल्ली में '35 पार', झारखंड में '65 पार' जैसे नारे देकर लोगों को गुमराह किया। '400 पार' का नारा फर्जी है। सिंह ने कहा कि पूरे हिंदुस्तान में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का संविधान चलता है और भारत तथा हम सब लोग उनके संविधान को मानते हैं। भाजपा नागपुर के संविधान को मानती हैं। नागपुर का संविधान कहता है कि दलितों का आरक्षण खत्म करो, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करो, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करो, चुनाव खत्म करो। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि ये अंतिम चुनाव है और इस बार चुनाव में इनको हराने का काम करना और कहना कि हम देश का संविधना नहीं बदलने देंगे।

### तेजस्वी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

जद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने केवल ये काम किए हैं- देश में गरीबी बढ़ाई, महंगाई बढ़ाई, जुमलेबाजी की। 2014 में उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी, वो नौकरी कहां गई? कालाधन वापस आएगा और सभी के खाते में 15 लाख रुपए डाले जाएंगे। आप लोगों के खाते में पैसा नहीं आया, लेकिन भाजपा के खाते में चुनावी बॉन्ड के जरिए हजारों- करोड़ों रुपए आ गए हैं।

### जो 2014 में आए,2024 में हटाए जाएंगे

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी मोदी सरकार पर निशाना साधा। कहा कि जो लोग 2014 में आए थे, वो 2024 में हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इनकी (बीजेपी-एनडीए) की विदाई भी धूमधाम से होनी चाहिए। इसलिए अभी से ढोल-नगाड़े तैयार रखें। जब से इन्होंने आपके (झारखंड) मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा है, वे चुनाव हार चुके हैं। मैदान में जब पहलवान हारने लगता है, तब कई तरह के हथकंडे अपनाता है।

### अरविंद केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश: सुनीता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सत्ता की कोई इच्छा नहीं है। वह सिर्फ देश की सेवा करना चाहते हैं। वह देश को नंबर 1 बनाना चाहते हैं। कई लोग कहते हैं कि ये मुश्किल है। 'जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन छूटेंगे...।' उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल का दोष सिर्फ इतना ही था कि उन्होंने सरकारी स्कूलों की व्यवस्था को ठीक किया, शिक्षा व्यवस्था अच्छी हुई, अस्पताल बनवाया, मोहल्ला क्लिनिक बनवाई। उन्होंने भाजपा नेताओं पर गहरी साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजनीति बहुत गंदी चीज है, उनके खाने में कैमरा लगाया जा रहा है। वे शुगर के मरीज हैं। वे पिछले 12 वर्षों से प्रतिदिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं, लेकिन उन्हें जेल में इंसुलिन नहीं दी जा रही है। वे दिल्ली के सीएम को मारना चाहते हैं। वे बहुत बहादुर हैं। वह शेर हैं। उन्हें जेल में भी 'भारत माता' की चिंता है।



### विपक्षी सरकारों को गिराना चाहती है भाजपा: कल्पना सोरेन

रैली में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उनका संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में सरकारें गिराने का काम कर रही है, हम लोकतंत्र को विफल नहीं होने देंगे।

### 28 पार्टियों के समर्थन का दावा

गठबंधन के नेताओं का दावा है कि 28 पार्टियों ने रैली का समर्थन किया है। पांच लाख से अधिक लोग इसमें भाग लेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी नेता मंच पर मौजूद रहे।

### विपक्षी गठबंधन की रैली से पहले मैदान में हंगामा

इस बीच, विपक्षी गठबंधन की रैली से पहले मैदान में जमकर हंगामा हुआ। यहां दो गुटों के बीच झड़प हुई। दोनों गुटों के बीच जमकर कुर्सियां चलीं। हालांकि, इसकी वजह अब तक सामने नहीं आई है। झड़प के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

**शाह का राजद-कांग्रेस पर प्रहार**

## कांग्रेस ने किया था पिछड़ों का विरोध रिपोर्ट दबाकर बैठ गई

एजेंसी | कटिहार(बिहार)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि लालू-राबड़ी सरकार के दौर में बिहार जंगल राज में बदल गया था। आज वह (लालू यादव) कांग्रेस पार्टी के साथ बैठे हैं, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि उसी कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ों का विरोध किया, काका साहेब कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को दबाया और मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया। शाह ने कटिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी गरीबों के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन ले आए हैं। मोदी ने परिवारवाद को खत्म करने का काम किया है। भाई-भतीजावाद, जातिवाद, तुष्टीकरण की राजनीति खत्म की और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया। पीएम मोदी गरीबों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लाए हैं। आज लालू यादव और कांग्रेस पार्टी भाजपा और जेडीयू के खिलाफ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं, आप सभी को याद है लालू-राबड़ी सरकार के दौर में बिहार को 'जंगल राज' में तब्दील कर दिया गया था।



### आतंकवाद पर नकेल कसी

शाह ने कहा कि, मोदी जी ने नक्सलवाद खत्म किया और आतंकवाद पर नकेल कसी। यूपीए सरकार थी और पाकिस्तान से आतंकी आकर यहां बम धमाके करते थे। उरी और पुलवामा हमले के 10 दिन के अंदर मोदी जी ने पाकिस्तान में सर्जिकल और एयर स्ट्राइक की, और आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

**चुनाव आयोग को चुनौती**

## पार्टी के गाने 'मशाल' में नहीं करेंगे बदलाव: उद्धव

एजेंसी | मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी के नए गीत से 'जय भवानी' और 'हिंदू' जैसे शब्द हटाने के लिए से इनकारकर दिया है। निर्वाचन आयोग से मिले नोटिस के बाद उद्धव ठाकरे ने कहा है कि वह इसका पालन नहीं करेंगे। उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी के गीत से 'जय भवानी' हटाने की मांग करना महाराष्ट्र का अपमान है। ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी ने अपने नए चुनाव चिह्न 'मशाल' को लोकप्रिय बनाने के लिए एक गीत तैयार किया है। निर्वाचन आयोग ने इसमें से 'हिंदू' एवं 'जय भवानी' जैसे शब्द हटाने को कहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने देवी तुलजा भवानी के आशीर्वाद से हिंदवी स्वराज की स्थापना की। हम देवी या हिंदू धर्म के नाम पर वोट नहीं मांग रहे हैं। निर्वाचन आयोग हमारे खिलाफ कार्रवाई करता है, तो उन्हें हमें बताना होगा कि उन्होंने उस समय क्या किया जब मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए लोगों से 'जय बजरंग बली' कहने और ईवीएम का बटन दबाने को कहा था अमित शाह ने लोगों से कहा था कि वे अयोध्या में रामलला के दर्शन मुफ्त में करने के लिए भाजपा को वोट दें।

**छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सभा: प्रियंका गांधी ने कसा तंज**

## पीएम मोदी चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते!

एजेंसी | राजनांदगांव(छत्तीसगढ़)

कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम सिर्फ सत्ता चाहते हैं। ये जनता का अधिकार कम करना चाहते हैं। ये चाहते हैं कि आरक्षण कमजोर हो जाए। कितना जूझेंगे, कितना सहोगे। परिवारवाद, भ्रष्टाचार बस यही दो बात ये लोग कहते हैं। दुनिया भ्रष्ट हैं, सिर्फ मोदी जी सही हैं।

प्रियंका ने रविवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में ग्राम मोहड़ एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। रैली में राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कवासी लखमा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक दलेश्वर साहू और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। प्रियंका गांधी ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महगांई क्यों कम नहीं हुई, देश में महिलाओं के साथ आत्याचार किया गया, अपने क्यों कुछ नहीं किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर भी साधा निशाना। उन्होंने कहा, मोदी जी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते, हाथरस में, असम में महिलाओं पर अत्याचार हुआ मोदी जी ने मुंह फेर लिया। बड़े- बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ रुपए माफ कर दिए। किसान रो रहा था, आंदोलन कर रहा था, लेकिन पीएम उनकी बात सुनने घर से बाहर नहीं निकले। दुनिया के सबसे बड़े नेता कहे जाने वाले दुनिया भर में दिखते हैं, लेकिन आमजनता के बीच दिखाई नहीं देते।



### संविधान बदलने की करते हैं बात

प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं हमें पांच साल और दो हम संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है, संविधान हमें सभी अधिकार देता है, आजादी देता है, इस देश के लोगों ने संविधान के लिए खून पसीना बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं।

### गिनाए कांग्रेस सरकार में हुए काम

प्रियंका ने कहा कि जब प्रदेश में विधानसभा चुनाव थे, उस समय शायद इस बात का यकीन नहीं था, लेकिन आज जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है तब आप समझ चुके हैं कि आपके लिए कांग्रेस ने क्या-क्या किया है। कांग्रेस के राज्य में किसानों का कर्जा माफ हुआ। बिजली का बिल आधा किया गया। हर परिवार को 35 किलो चावल मिलता था। तेंदूपत्ता का सबसे ज्यादा दाम मिला। कांग्रेस शासन काल में सभी काम हुए अभी आप भाजपा काल में देख रहे हैं क्या हो रहा है।

### योगी का कांग्रेस पर हमला, बताया घोटालों-आतंकवाद का प्रयाय

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी रविवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और कोरबा में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है। जिस उम्र में युवाओं के हाथ में पुस्तक होनी चाहिए, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उनके हाथ में तमंचा पकड़ा दिया। उन्हें नक्सलवाद तथा उग्रवाद के नाम पर देश के खिलाफ उकसाया गया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों ने पिछले 10 वर्षों में देश को बदलते देखा है। उन्होंने कहा, मोदी जी ने कहा है इस देश को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाना है। विकसित भारत बनाना है। आत्मनिर्भर भारत बनाना है जहां हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। बेटी हो या व्यापारी इन सब को सुरक्षा की पूरी गारंटी केवल भाजपा दे सकती है। केवल भाजपा आपकी आस्था का सम्मान कर सकती है।'

### यूपी में अपराधियों का राम नाम सत्य हो गया

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में 2017 के पहले क्या हालात थे और अब क्या हालात हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला विराजमान हो गए हैं, दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के माफियाओं और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा- 2017 के पहले उत्तर प्रदेश कोई नहीं जाना चाहता था। महीनों तक कर्फ्यू लगता है। अयोध्या का नाम सुनते ही लोग डरते थे। लेकिन केन्द्र और राज्य की सरकार के कारण 7 सालों में कोई दंगा नहीं हुआ। कहीं कर्फ्यू नहीं लगता है। पहले केवल चार जनपदों को पैसा भेजा जाता था, लेकिन अब काशी में विश्वनाथ कॉरीडोर बन गया। विध्यांचल में कॉरीडोर। हर तरफ विकास हो रहा है।

## जरूरी खबर

### 28 सप्ताह की गर्भावस्था पर सुप्रीम सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश जे बी पारदीवाला की पीठ सोमवार को पहले मामले पर सुनवाई करेगी। इससे पहले, 19 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी मेडिकल जांच का आदेश दिया था। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पीड़िता को गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इस फैसले को मां ने सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी थी। बता दें कि मुंबई के सायन अस्पताल से लड़की की संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी गई थी।

### कांग्रेस: आंध्र के लिए 9, झारखंड के 2 प्रत्याशी घोषित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को नई सूची जारी कर आंध्र प्रदेश की 9 और झारखंड की 2 लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। इसके साथ ही कांग्रेस ने झारखंड के गोड्डा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बदल दिया है। पार्टी ने यहां से दीपिका सिंह पांडे की जगह प्रदीप यादव को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, रांची लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने रविवार केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी मौजूद रहीं।

### कई राज्यों में प्रचंड गर्मी, तापमान 45 डिग्री तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्य प्रचंड गर्मी से तप रहे हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के साथ ही उसके साथ के लगते तराई वाले राज्यों को छोड़कर पूर्वी, मध्य और दक्षिण भारत के कम से कम 15 राज्य प्रचंड गर्मी और लू की चपेट में हैं। सुबह के 10 बजते ही दोपहरी जैसी गर्मी महसूस होने लग रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के गंगा तट के इलाकों, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों के कई क्षेत्रों में अधिकतम पारा 42-45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

## महावीर जयंती समारोह में पहुंचे पीएम मोदी





*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महावीर जयंती पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन में शामिल हुए। चित्र में भगवान महावीर को नमन करते पीएम मोदी। इस मौके पर पीएम मोदी ने डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।*

## चीन-पाकिस्तान से लगी सीमा होगी अभेद्य

# 6800 करोड़ से विकसित होंगी कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय सेना चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर हवाई खतरों से निपटने के लिए कंधे पर रखकर दागी जानी वाली बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडी) को विकसित करने की दो परियोजनाओं पर काम कर रही है। इन स्वदेशी वायु रक्षा प्रणालियों की लागत 6800 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की है। साथ ही सेना की 500 से अधिक लॉन्चर और करीबन 3000 मिसाइलों को विकसित करने और खरीदने की योजना है। इन लॉन्चर और मिसाइलों को आत्मनिर्भर भारत के तहत देशी रूट्स से खरीदा जाएगा।

रक्षा बलों के अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि सेना ने अन्य हितधारकों के साथ मिलकर पुरानी इग्ला-1एम मिसाइलों के स्थान पर नई मिसाइलें हासिल करने की प्रक्रिया भी शुरू की है। मिसाइल खरीद में देरी की वजह से रूस से इग्ला मिसाइलें खरीदने का फैसला किया गया था।



फाइल फोटो

रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि सेना और वायु सेना के पास वर्तमान में बहुत कम दूरी की एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें एलआर होमिंग मार्गदर्शन प्रणाली से लैस हैं। इसमें कम दूरी की इग्ला-1एम मिसाइल प्रणाली भी है। इसे 1989 में शामिल किया गया था और 2013 में बदलने की योजना बनाई गई थी।

रक्षा बलों के अधिकारियों ने बताया कि इस समय 4800 करोड़ रुपए की एक परियोजना पर काम किया जा रहा है। इसका ठेका हैदराबाद की एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई और एक निजी क्षेत्र की पुणे स्थित फर्म को दिया गया है। इसके तहत इन कंपनियों को कम दूरी की मिसाइलों के लिए लेजर बीम विकसित करना है। सेना सीमा पर शत्रु देशों के ड्रोन, लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों से निपटने में इनका इस्तेमाल करेगी। इस परियोजना के तहत सेना और वायुसेना के लिए 200 लॉन्चर और 1200 मिसाइलें विकसित की जानी हैं।

### रद्द किए गए अनुबंध को रिवाइव करने का सुझाव

इस बीच, पांच वर्ष पहले रद्द किए गए उस अनुबंध को रिवाइव करने का सुझाव है जिसमें रूस अपने इग्ला-एस सिस्टम की पेशकश के साथ सबसे कम बोली लगाने वाले के रूप में उभरा था। इस परियोजना को 'मेक इन इंडिया' के तहत आगे बढ़ाने के तरीकों का पता लगाने के लिए हितधारकों की बैठक जल्द होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय द्वारा रद्द इस परियोजना की लागत 4,800 करोड़ रुपए होने की उम्मीद थी। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध सहित विभिन्न युद्धों में वीएसएचओआरएडी मिसाइलों का महत्व साबित हुआ है।

### इंफ्रा रेड मिसाइलों के विकास पर काम

वहीं, दूसरी परियोजना के तहत इंफ्रा रेड आधारित मिसाइल के डिजाइन और विकास का अनुबंध रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को दिया गया है। डीआरडीओ निजी क्षेत्र की अपनी दो रक्षा सहयोगी कंपनियों के साथ इस परियोजना पर काम कर रहा है।

## कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा...

# 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनी तो सीएए को करेंगे रद्द

**एजेंसी** | तिरुअनंतपुरम

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनती है, तो 'नागरिकता संशोधन कानून' (सीएए) को रद्द कर दिया जाएगा। कांग्रेस ने भले ही अपने घोषणापत्र में इसका जिक्र नहीं किया लेकिन संसद से पहले सत्र में इसे वापिस लिया जाएगा। ज्ञात रहे कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है। केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साध चुके हैं।

चिदंबरम ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि पार्टी कई कानूनों को वापिस लेगी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार चिदंबरम ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनी तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित इस सिद्धांत को लागू करने के लिए कानून बनाया जाएगा कि जमानत नियम और जेल अपवाद है। उन्होंने यह भी कहा कि तीन आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को रद्द कर दिया जाएगा।

चिदंबरम ने कहा, हर कोई जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकता है। 65 प्रतिशत कैदियों का दोष साबित नहीं हुआ है। उनके मामलों की सुनवाई चल रही है। जब वे दोषी नहीं हैं तो वे जेल में क्यों हैं। 90 प्रतिशत विचाराधीन कैदी ओबीसी, एससी, एसटी वर्ग से हैं। इसलिए हम कानून बनाएंगे। जिसके अनुसार जमानत दिए जाने को नियम और जेल को अपवाद बनाया जाएगा। पुलिस या सीबीआई द्वारा 15 दिनों की पूछताछ के बाद सभी आरोपित को जमानत दिए जाने का प्रविधान होगा।

## राम मंदिर में शुरू हुई नई व्यवस्था

# दर्शन से पहले अब त्रिस्तरीय जांच

**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन अब आसानी से नहीं मिल सकेंगे। इसके लिए पहले उन्हें कड़ी 'परीक्षा' से गुजरना होगा। इसके बाद ही रामलला के दर्शन के लिए प्रवेश मिलेगा। दरअसल पास धारक श्रद्धालुओं की त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था बार लागू की गई है। इस जांच के लिए पास धारकों को निर्गत पास के आईडी को अपने साथ लेकर जाने की अनिवार्यता हो गई है। पहले पास देखकर श्रद्धालुओं को प्रवेश दे दिया जाता था लेकिन फर्जीवाड़े की खबरों के बाद अब नई व्यवस्था लागू की गई है। बताया जा रहा है कि पूर्व व्यवस्था के कारण साइबर खिलाड़ी दूसरों के आईडी प्रूफ पर लोगों को भेजकर वसूली कर रहे थे। पिछले दिनों धनराशि लेकर दर्शन कराने के मामले की जांच हुई तो इस प्रकार के चौंकाने वाले मामले भी सामने आए। इसके कारण आईडी प्रूफ के सत्यापन की व्यवस्था को प्रभावी कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था में इंट्री गेट पर सुरक्षा कर्मी पहले पास की सामान्य जांच कर अपना हस्ताक्षर कर नियत संख्या में श्रद्धालुओं के प्रवेश सुनिश्चित कराते हैं। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख न्यासी व सुप्रीम कोर्ट में रामलला के पैरोकार पूर्व अटार्नी जनरल केशव पारासरन मंगलवार को सपरिवार अयोध्या आएंगे।

### रेवड़ियों पर श्वेत पत्र लाने की जरूरत

**हैदराबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कहा है कि रेवड़ियों (फ्रीबीज) के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाने के लिए मोदी सरकार को श्वेत पत्र लाना चाहिए। सुब्बाराव ने कहा, इस बात पर व्यापक बहस होनी चाहिए कि इस संबंध में राजनीतिक दलों पर अंकुश कैसे लगाया जाए। जनता को इन रेवड़ियों की लागत एवं लाभों के बारे में अधिक जागरूक किया जाना चाहिए ।

## संयम व त्याग की राह पर जीवन

# दंपती समेत 35 लोगों ने ली दीक्षा

**एजेंसी** | अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में रिकॉर्ड 35 लोगों ने जैन धर्म की दीक्षा ली। दीक्षा लेने वालों में पांच दंपती और एक ही परिवार के छह सदस्य भी शामिल हैं। समारोह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

इस कार्यक्रम में जिन लोगों ने सांसारिक जीवन छोड़कर साधु बनने का फैसला लिया है, उनमें गुजरात के व्यापारी भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी भी शामिल हैं। भावेश भाई और उनकी पत्नी ने अपने बच्चों से प्रेरित होकर ही दीक्षा लेने का फैसला किया। भावेश भाई के बच्चों ने साल 2022 में ही दीक्षा ले ली थी। दीक्षा कार्यक्रम के संयोजक संजय वोहरा ने बताया कि गुरु महाराज को सुनने के बाद बीते 10 वर्षों में 300 लोगों ने दीक्षा ली है।

संजय वोहरा ने बताया कि 'यह पहली बार है, जब 500 वर्षों के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक कार्यक्रम में एकत्र हुए हैं। वोहरा ने कहा कि 35 श्रद्धालुओं ने जैन धर्म की दीक्षा ली। इनमें 10 बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी उम्र 8-18 साल के बीच है।

## यूजीसी ने किया नियमों में बड़ा बदलाव

# 4 साल की डिग्री के बाद छात्र सीधे कर पाएंगे PHD

### 75% अंक जरूरी, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिए भी कर सकेंगे आवेदन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे पीएचडी कर सकेंगे और राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। हालांकि पीएचडी में दाखिले के लिए उन्हें चार वर्षीय स्नातक कोर्स में कम से कम 75 प्रतिशत अंक या फिर उसके समकक्ष ग्रेड हासिल करना होगा। इनमें ऐसे छात्र भी आवेदन कर सकेंगे जोकि चार वर्षीय स्नातक कोर्स के अंतिम वर्ष में होंगे। अब तक पीएचडी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मास्टर डिग्री अनिवार्य थी। अब तक, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिए उम्मीदवार को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती थी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अध्यक्ष प्रो. एम जगदीश कुमार ने रविवार को कहा कि 4 साल की स्नातक डिग्री वाले छात्र अपने स्नातक पाठ्यक्रम के किसी भी विषय में पीएचडी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 4 साल की स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में भी शामिल हो सकते हैं। यूजीसी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत शुरू किए गए चार वर्षीय स्नातक कोर्सों की ओर विद्यार्थियों के रुझान को बढ़ाने के लिए यह अहम कदम उठाए हैं। कुमार के अनुसार, यह व्यवस्था इसी वर्ष से लागू हो जाएगी। इसके अलावा चार साल की स्नातक डिग्री के बाद एक साल या दो सेमेस्टर मास्टर डिग्री हासिल करने वाले छात्र भी पीएचडी कर पाएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने 3 साल का ग्रेजुएशन किया है या ग्रेजुएशन में 75 प्रतिशत से कम अंक हैं, वे पहले की तरह 55 प्रतिशत स्कोर के साथ मास्टर्स डिग्री करके नेट-पीएचडी कर सकेंगे।





### SC-ST-OBC अभ्यर्थियों को छूट

कुमार ने कहा कि यूजीसी के निर्णय के अनुसार एससी, एसटी, ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है।

### ग्रेजुएशन से अलग विषय में भी दे सकेंगे NET

यूजीसी चेयरमैन ने कहा, छात्रों को किसी भी विषय के लिए NET परीक्षा देने की अनुमति होगी चाहे ग्रेजुएशन में किसी दूसरे स्ट्रीम की पढ़ाई की हो। इसका मतलब है कि ग्रेजुएशन में पढ़े विषयों में ही नेट परीक्षा देना जरूरी नहीं होगा।

## परिजनों से मिले भाजपा अध्यक्ष

# नेहा हत्याकांड की CBI से कराई जाए जांच: नड्डा

**एजेंसी** | हुबली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को 23 वर्षीय कॉलेज छात्रा नेहा हीरेमथ हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने नेहा हिरेमथ के घर पहुंच कर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए दुख की इस घड़ी में इस परिवार के साथ खड़ा होने के लिए यहां आया हूं। ज्ञात हो कि भाजपा ने इस मामले को लव जिहाद करार दिया है। हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोप से इनकार किया है।


नड्डा ने कहा कि मैंने नेहा के पिता से जो सुना और उनकी मां ने जो बताया वह अंदर तक झकझोर कर देने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि नेहा को न्याय मिले इसके लिए अगर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत पड़ी तो भाजपा सहयोग करेगी। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए मृतक के परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। राज्य पुलिस मामले की जांच करने में असमर्थ है तो वह राज्य सरकार से मामले को सीबीआई को सौंपने का अनुरोध करेंगे। मालूम हो कि हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ की 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज परिसर में उसके पूर्व सहपाठी फैयाज ने चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी थी।

श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में श्रील प्रभुपाद आश्रय समारोह का आयोजन

# 370 महिला पुरुषों ने लिया श्रील प्रभुपाद पर चलने का संकल्प

**बेधड़क.जयपुर।** सच्चे सुख और आनंद की चाहत हो तो वो सिर्फ भगवान के चरणों का आश्रय लेने से ही प्राप्त होता है। जीवन के दुखों को त्यागकर सुख का मार्ग कैसे अपनाया जाए। इस ज्ञान का पथ प्रदर्शन करता है, भक्ति वेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद का मार्ग और भक्ति के मार्ग में प्रशस्त होने का रास्ता दिखाता है। श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में इस समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें भक्ति मार्ग की परीक्षा एवं इंटरव्यू पास कर चुके 370 लोगों ने इस मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। गौरतलब है कि आश्रय लेने वालों में देश विदेश से लोग शामिल हुए, जिनमें डॉक्टर्स, आर्मी, इंजिनियर, एडवोकेट, सरकारी कर्मचारी, राजनीति से जुड़े लोग, शिक्षक आदि थे। आश्रय में भाग लेने वालों में पुरुष और महिलाएं दोनों ही शामिल हुए।





### कृष्ण का भक्ति मार्ग सर्वश्रेष्ठ है

कल्चर सेंटर के सुधर्मा हाल में आयोजत हुए श्रील प्रभुपाद आश्रय समारोह में लोगों ने साधना भक्ति मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। आश्रय लेने वाले सभी लोगों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था, सभी भक्त भक्ति मार्ग में आगे बढ़ने के लिए बहुत ही उत्सुक थे। मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने आश्रय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण का भक्ति मार्ग सर्वश्रेष्ठ है और भक्ति वेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद श्री गौड़ीय वैष्णव परंपरा के महान आचार्य एवं गुरु हैं, जिन्होंने पूरे विश्व में हरे कृष्ण आंदोलन को स्थापित किया।

### 6 अलग-अलग स्तरों पर होता है कार्यक्रम

दास ने बताया कि आश्रय की प्रक्रिया के बारे में बताया कि इसके लिए पहले रजिस्ट्रेशन होता है। यह कार्यक्रम 6 अलग-अलग स्तरों पर होता है, जिन्हें पास करके भक्त श्रील प्रभुपाद का आश्रय लेने के हकदार होता है। यह दीक्षा से पूर्व की प्रक्रिया है, जिसमे कम से कम 2 साल का समय लगता है। परीक्षा के लिए पुस्तकों का पठन करना होता है, लिखित परीक्षा पास करना और साक्षात्कार अगले चरण होते हैं। सभी चरणों को पास करके दीक्षा के लिए भक्त तैयार होता है और भक्ति मार्ग में आगे बढ़कर अपना जीवन सफल बनाता है।

## घर-घर फहराया जैन ध्वज



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में रविवार को भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रातः मंदिर में उत्तर की वेदी में विराजित भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक व सर्व शांति के लिए शांति धारा सोभाग मल, तरुण, पंकज, रचित अजमेरा परिवार द्वारा की गई। उसके बाद महिला मंडल द्वारा झंडा गायन के साथ झंडा रोहण मिश्री लाल मंजु मयूर सचिन नविश काला दांता वाले परिवार द्वारा किया गया। प्रातः ज्योतिनगर चैत्यालय से गाजे बाजे भक्ति भाव के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इससे पहले सभी ने अपने अपने घरों पर पचरंगा जैन ध्वज फहराया। शिखर चंद जैन ने विधि विधान पूर्वक सब कार्य संपन्न करवाया। आरती करने के बाद समाज ने राम लीला मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता की। शाम को महाआरती के बाद भक्ति भाव के साथ 64 दीपक से मंडल पर वर्धमान स्तोत्र दीप अर्चना की गई। सभी कार्यक्रम में महिला मंडल, जैन युवा मंच व समाज जन की सहभागिता रही।

## 'तीर्थंकर महावीर' पुस्तक पर चर्चा




**बेधड़क. जयपुर।** पुस्तक पाठक संगम की ओर से रविवार को भगवान महावीर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गायत्री नगर ए, महारानी फार्म, दुर्गापुरा स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में शाम 3 बजे पाठकों के संगम के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम डॉ. धर्मचन्द्र जैन द्वारा लिखित पुस्तक 'तीर्थंकर महावीर' पर चर्चा केंद्रित रही। महावीर भगवान के जन्म से लेकर निर्वाण तक की यात्रा पर सभी उपस्थित पाठकों ने चर्चा की। डॉ. महावीर जी ने भगवान महावीर के कल्याणकारी संदेश बताए। इन संदेशों को मनोज कुमार ने भी बताते हुए महावीर के सिद्धान्तों को वर्तमान जीवन शैली में सरलता से अपनाने पर बातचीत की। महावीर ने भेदों से ऊपर उठकर संघ बनाया, जिसमें समानता थी। अंत मे डॉ. सतेन्द्र जैन ने भगवान महावीर के द्वारा 4 दानों- अभयदान, आहारदान, औषधिदान और ज्ञानदान की महिमा बताई। पुस्तक पाठक संगम (बुक रिडर्स क्लब) की संचालिका डॉ. दर्शना ने कहा रीडर्स क्लब का उद्देश्य समाज और विशेषकर युवाओं में स्वाध्याय को बढ़ावा देना है, जिससे अपने अपने क्षेत्र में सामाजिक मूल्यों को जीवित रखते हुए कार्य किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन कुणाल ने किया। डॉ. दर्शना ने मंदिर कमेटी और पाठकों का आभार व्यक्त किया।

## City इवेंट्स

### रन फॉर हेल्थ हिस्सा बने जयपुराइट्स




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर रनर्स और जय क्लब की और से रन फॉर हेल्थ का आयोजन फोर्टिस हॉस्पिटल और एब्डोमिनल केंसर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया गया। जयपुर रनर्स क्लब के को फाउंडर मुकेश मिश्रा और रवि गोयनका ने बताया कि रन फॉर हेल्थ की शुरुआत जय क्लब से सुबह 6 बजे हुई, जिसमें दोनों क्लब के मैंबर्स ने शिरकत की और 5 और 10 किमी की दौड़ लगाई। जय क्लब के सचिव मनोज दासोत, कार्यकारी सदस्य अंशुल जैन, जयपुर रनरस क्लब की अध्यक्ष डॉक्टर साधना आर्य, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण तिजारिया ने सभी फिनिशरस को मैडल देकर सम्मानित किया। जय क्लब सचिव मनोज दासोत, रन कोर्डिनेटर भावना, आस्था और नरेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि रन में आगामी 19 मई को एब्डोमिनल केंसर डे पर आयोजित होने वाली वॉक की क्लब मेंबर्स को जानकारी दी गई।

### ईशा शो केस करेंगी कलेक्शन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सैंटर में रविवार 28 अप्रैल को 'द मॉगल' फैशन शो आयोजित किया जाएगा। मिनि ऑडिटोरियम प्रथम में दोपहर 12 से 1:00 बजे तक होने वाले इस शो में युवा फैशन डिजाइनर ईशा गर्ग अपना कलेक्शन शो केस करेंगी। यह कलेक्शन आईआईसीडी कोर्स कोऑर्डिनेटर स्वाति जैन के मार्ग दर्शन में तैयार किया जा रहा है। शो के कन्विनर आलोक गर्ग ने बताया कि इस शो के लिए ईशा ने इंडियन और परशीयन शैली का खास फ्यूजन तैयार किया है।

### संतूर के तारों से बहा सुरों का झरना



**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में राग संतूर कार्यक्रम में उभरते युवा कलाकार ने संतूर वादन कर दर्शकों का मन मोह लिया। नेट थिएट के मनोज स्वामी ने बताया कि कलाकार ने राग यमन मे मध्यलय तीन ताल की बंदीश की ऐसी प्रस्तुति दी मानो सुरों का झरना बहता हुआ दिलों को सुकून दे रहा हो। कलाकार ने संतूर पर अलाप, तान व झाला बजाकर दर्शकों से दाद पाई। अंत में उन्होंने संतूर पर सर्च ऑफ पीस लव एंड हार्मोनी धुन बजाकर माहोल को खुश नुमा बना दिया। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी व गुलजार हुसैन, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत सागर विनोद गढ़वाल और मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू व जीवितेश शर्मा की रही। इस दौरान कला प्रेमी रोमांचित हो गए और उन्होंने कलाकारों से मुलाकात कर इस कला की बारीकियां जानी। देर तक कलाकार की धुनों को वे सुनते और समझते रहे।

आरएसएस का शहर में पथ संचलन

## कुरीति और परतंत्रता के प्रतीक चिह्नों से मुक्त होने की जरूरत



फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को जयपुर शहर में पंथ संचलन निकाला गया। गुणवत्ता पथ संचलन में गालव भाग के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। संचलन शाम 5:45 बजे चौगान स्टेडियम से प्रारंभ होकर छोटी चौपड़, किशनपोल, न्यू गेट, त्रिपोलिया दरवाजा, बड़ी चौपड़, सांगानेरी दरवाजा होते हुए रामलीला मैदान पहुंचा। इस अवसर पर समाज की ओर से मार्ग में अनेकों स्थानों पर भारत माता के जयघोष के साथ पुष्प वर्षा की गई। रामलीला मैदान पर समापन कार्यक्रम में जयपुर प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक कुरीतियों एवं परतंत्रता के प्रतीक चिह्नों से मुक्त होने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा गुलामी के प्रतिक चिन्ह हमारे जीवन में रहने ही नहीं चाहिए हम। अलौकिक थे, है और रहेंगे। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक ने एक विवाह समारोह का जिक्र करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के दर्शन एवं राम के चरित्र की देश को महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने भगवान महावीर के संदेशों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में संघ चालक सहित सेना से सेवा निवृत्त बिग्रेडियर सुरेन्द्र अनिमेश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

निरंकारी मिशन 24 अप्रैल को लगाएगा शिविर

## रैली निकालकर लोगों को ब्लड डोनेट के लिए किया जागरूक




**बेधड़क | जयपुर**

राजा पार्क में संत निरंकारी मिशन एवं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के जोन 20 बी जयपुर, जोनल इंचार्ज सुनील बाली के दिशा निर्देशन में रविवार प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान सेवादल और सत्संग के सदस्यों ने रक्तदान का महत्व बताया एवं ब्लड डोनेट करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जोन 20 बी जयपुर के करीब 25 ब्रांचों उदयपुरिया, विद्याधर नगर, हाथोज, ठिकरिया, मच्छ की पीपली, जयसिंहपुरा खोर, त्रिवेणी नगर-मानसरोवर, प्रताप नगर, तूंगा, देवगांव, दूदू, सांभर, रेनवाल, सांगानेर, कानोता और बांदीकुई में भी रक्तदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

शिविर मानव एकता दिवस के दिन 24 अप्रैल को संत निरंकारी सत्संग भवन, सी- 8, सिंधी कॉलोनी, राजा पार्क में एवं दूसरा रक्तदान केंद्र ब्रांच बांदीकुई में रखा गया है। क्षेत्रीय संचालक सेवादल मनोज कुमार खंगार के अनुसार दोनों रक्तदान सेंटरों में करीब 2500 यूनिट रक्त एसएमएस ब्लड बैंक, ट्रोमा ब्लड बैंक, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक एवं राजकीय ब्लड बैंक बांदीकुई के सहयोग से एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। रैली में सभी सदस्यों ने अपने हाथों में रक्तदान महादान, रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नही जैसे सलोगन लेकर आमजन को जागरूक किया।

**समारोह** राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर जनसंपर्क कर्मियों का सम्मान

## सत्य बोलो और धर्म पर चलो... यही सनातन के विचार

**बेधड़क | जयपुर**

विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि सनातन मूल्यों को आत्मसात कर समाज के निचले तबके तक इनका लाभ पहुंचाने में जनसंपर्क कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सत्यम वद, धर्मम चः यानी सत्य बोलो, धर्म पर चलो ही सनातन विचार हैं। हमारा, समाज का और देश का भला इन्हीं दो शब्दों से होगा। उन्होंने सनातन मूल्यों के संरक्षण की बात कही। वे पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इण्डिया जयपुर चैप्टर के 47वें राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस एवं सम्मान समारोह में बोल रहे थे। 'सनातन मूल्य और उभरता भारत-जनसंपर्क की भूमिका' की थीम पर हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री डी आर मेहता ने कहा कि सनातन के मूल में दूसरों का भला करने की भावना निहित है। उन्होंने जयपुर फुट के सेवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान, फिलिस्तीन और इराक जैसे देशों में जनसंपर्क के जरिए जरूरतमंदों को लाभ दिया जा रहा है। विषय वक्ता आचार्य कौशलेंद्र दास ने कहा कि सनातन का अर्थ धर्म, संप्रदाय न




होकर अच्छे आचरण से है। वरिष्ठ साहित्यकार डा नरेंद्र शर्मा कुसुम ने कहा कि संवेदना- शून्य होते जा रहे समाज में सनातन भावना और आचरणों की बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम में सोसाइटी अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने संस्था के उद्देश्यों तथा कार्यक्रम की जानकारी दी।

### सिंघवी को 'जनसंपर्क श्री' सम्मान

कार्यक्रम में वरिष्ठ जनसंपर्ककर्मी वीके सिंघवी को 'जनसंपर्क श्री' सम्मान से नवाजा गया। वीरेंद्र पारीक, कन्हैया भ्रमर, तरुण जैन, जितेंद्र माथुर, गणपतसिंह नारोलिया तथा डॉ. संदीप पुरोहित को जनसंपर्क उत्कृष्टता पुरस्कार मिला। जनसंचार शिक्षण विशिष्टता सम्मान डॉ. वैशाली कपूर, डॉ. रतन सिंह को मिला। इसके अलावा उदीयमान प्रतिभा सम्मान सुहानी खंडेलवाल, उदिषा पारीक, सतीश राज, लोकेश सैनी, साक्षी गोयल, रिद्धि गुप्ता, दिया मांगनी, प्रीति अधिकारी, अपूर्व तथा संजीत सिंह चाहर को प्रदान किया गया।



सत्य का पहला स्वागत विरोध से होता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**पर्यटन उद्योग में किए जाएं बदलाव**

# टूरिज्म को सीमित करने की मांग, लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन



**एजेंसी** | टेनेरिफ़

स्पेन में सथानीय लोगों ने देश में टूरिज्म को सीमित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। टेनेरिफ में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों की मांग थी कि तेजी बढ़ रहे पर्यटन से होटल निर्माण में तेजी आई है साथ ही पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों को रहने के स्थान के लिए परेशान होना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अस्थायी रूप से पर्यटकों के आगमन को सीमित करने की मांग की गई है। स्थानीय लोगों के लिए आवास की लागत बढ़ रही है, लोग यहां रहते हैं और हम अपने द्वीप को ख़त्म होते नहीं देखना चाहते। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पर्यटन उद्योग में बदलाव किए जाने चाहिए, जो कैनरी द्वीपसमूह में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 35% हिस्सा है। प्रदर्शनकारियों में से एक ने टेनेरिफ़ की राजधानी, सांता क्रूज़ डे टेनेरिफ़ में मार्च के दौरान बताया, "यह पर्यटकों के खिलाफ एक संदेश नहीं है, बल्कि एक पर्यटन मॉडल के खिलाफ है जिससे इस भूमि को लाभ नहीं होता है और इसे बदलने की जरूरत है।







**श्रीलंका में कार रेसिंग के दौरान बड़ा हादसा**

# कार ने दर्शकों को कुचला सात की मौत, 23 घायल

**एजेंसी** | कोलंबो

श्रीलंका के उवा प्रांत में रविवार को एक मोटर कार रेसिंग कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान एक कार ने दर्शकों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 23 अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना तब हुई, जब दियाथलावा के सेंट्रल हिल रिसॉर्ट में रेसिंग इवेंट आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान इसमें हिस्सा लेने वाली एक बार ट्रैक से उतर गई और दर्शकों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सात लोगों ने दम तोड़ दिया है।

पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्डुवा ने कहा कि मृतकों में एक आठ वर्षीय लड़का और चार ट्रैक सहायक शामिल हैं। कुल 23 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, पारंपरिक नए साल के उत्सव के तहत वार्षिक कार्यक्रम 2019 में ईस्टर रविवार के हमले के साथ रुक गया था। यहां आत्मघाती बम हमलों में 270 लोग मारे गए थे। रविवार को हमले की पांचवीं बरसी के साथ इसकी फिर से शुरुआत की गई, लेकिन सात मौतों की दुखद घटना के कारण इसे रोक दिया गया।



### आतंकी हमले की 5वीं बरसी मनाई

भारत ने रविवार को कहा कि कहीं भी और किसी भी स्थान पर आतंकवाद का सभी रूप निंदनीय है। श्रीलंका में रविवार को ईस्टर संडे की पांचवीं बरसी पर बम धमाकों में जान गंवाने वालों को याद किया। पांच वर्ष पहले इस्लामी आतंकियों द्वारा ईस्टर संडे बम धमाकों में भारतीयों समेत 250 से अधिक लोग मारे गए थे। श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने 2019 में आत्मघाती हमले वाले स्थलों में से कोलंबों के सेंट एंथोनी चर्च में आयोजित प्रार्थना समारोह में भाग लिया। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट में कहा है कि हमले के पीड़ितों और श्रीलंका के लोगों के साथ भारत एकजुटता से खड़ा है।

**प्रशिक्षण के दौरान हुआ हादसा, सात लोग लापता**

# जापान में दो सैन्य हेलिकॉप्टर क्रैश, एक की मौत

**एजेंसी** | टोक्यो

जापानी मिलिट्री हेलिकॉप्टर प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिसमें अब तक एक का शव बरामद हुआ है, अन्य सात लोग लापता हैं। हालांकि अब तक दोनों हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण पता नहीं लग पाया है। वहीं लापता सात लोगों की खोज जारी है। जापान के दो हेलीकॉप्टर रात में प्रशांत महासागर के इजू द्वीप पर पनडुब्बियों का मुकाबला करने का अभ्यास कर रहे थे। टोरीशिमा द्वीप के पास रात 10:38 के आसपास एक हेलिकॉप्टर से संपर्क टूट गया, उसके कुछ क्षणों बाद ही विमान से एक आपातकालीन सिग्नल प्राप्त हुआ। इसके लगभग 25 मिनट बाद करीबन 11:04 पर इसी क्षेत्र में प्रशिक्षण कर रहे दूसरे विमान से भी संपर्क टूट गया। जापान की एसडीएफ के एक प्रवक्ता ने एएफपी को देर रात की घटना की पुष्टि की और कहा कि एक व्यक्ति को बचाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। रक्षामंत्री माइनोरू किहारा का कहना है कि समुद्र में विमान का हिस्से देखे गए हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों दुर्घटनाग्रस्त हुए।



## नेपाल के मनासलु पर्वत पर हिमस्खलन

**काठमांडू (माले)**। नेपाल के मनासलु पर्वत क्षेत्र में रविवार को भारी हिमस्खलन हो गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। दरअसल, मानसलू पर्वत पर हिमस्खलन हुआ। मानसलू पर्वत से बीरेंद्र झील की तरफ हिमस्खलन हुआ, जिससे झील में उफान आ गया। झील में उफान आने से उसका सारा पानी बुढीगंडकी नदी में बह गया। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, सुरक्षा अधिकारियों ने बूढ़ीगंडकी नदी में संभावित बाढ़ को लेकर चिंता जताई है।

**संसदीय चुनाव में मिला बहुमत**

# मुइज्जू फिर मालदीव के राष्ट्रपति बने

**एजेंसी** | माले

मालदीव में रविवार को संसदीय चुनाव के लिए वोट डाले गए। जिसमें चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। मालदीव के चुनाव आयोग के परिणामों के अनुसार, मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने घोषित पहली 86 सीटों में से 66 सीटें जीतीं, जो 93-सदस्यीय मजलिस या संसद में सुपर-बहुमत के लिए पर्याप्त से अधिक है। बता दें कि मालदीव का संसदीय चुनाव राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की अग्नि परीक्षा थी। राष्ट्रपति मुइज्जू अपनी भारत विरोधी नीतियों के चलते सुर्खियों में बने हुए थे। हालांकि राष्ट्रपति बनने के बाद भी मालदीव की संसद में उनकी पार्टी का बहुमत नहीं था। मालदीव की संसद में विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी का बहुमत था, जो भारत समर्थक मानी जाती है। यही वजह थी कि मुइज्जू को संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा था। अब संसदीय चुनाव में मुइज्जू की पार्टी की जीत भारत की चिंता बढ़ाने वाली है। आशंका है कि अब मालदीव में चीन का प्रभाव बढ़ सकता है।



### राष्ट्रपति मुइज्जू ने किया वोट

चुनाव के दौरान मुइज्जू ने रविवार को वोट डाला और कि कहा मतदान हर नागरिक को दिया गया एक संवैधानिक अधिकार और जिम्मेदारी है। सभी नागरिकों को जल्द से जल्द बाहर आना चाहिए और अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। यह पात्र मतदाताओं की जिम्मेदारी है कि वे शाम तक इंतजार न करें और तुरंत अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालें।

### दर्ज नहीं हुई कोई बड़ी शिकायत

चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान के दौरान कोई बड़ी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। मतपत्र दिखाने के बारे में कुछ शिकायतें आई हैं। यानी मतपत्रों को बिना मोड़े बॉक्स में डालने की शिकायतें हैं। सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। आयोग की ओर से सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए थे।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl